रांची, शुक्रवार | 22 मई 2026 | वर्ष-27, अंक-109, पृष्ठ-12

अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर सीएम हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बड़े भाई स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद कहा कि दुर्गा सोरेन के योगदान को याद करने का यह दिन है। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन ने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई और वंचितों के अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, दुर्गा सोरेन एक दूरदर्शी, संघर्षशील और जनभावनाओं से जुड़े नेता थे। उनका जीवन जन कल्याण के प्रति समर्पित रहा।



### उनके संघर्ष से मिला अलग झारखंड : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सभी लोग यहां एकत्रित होकर दुर्गा सोरेन को याद कर रहे हैं। उनके विचार और आदर्श हमेशा नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। हेमंत सोरेन ने जोर देकर कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जैसे मार्गदर्शक और संघर्षशील नेताओं के शहादत एवं अथक संघर्ष के कारण ही झारखंड राज्य हासिल हुआ। उन्होंने बड़े भाई को "कर्मठ एवं युवा नेता" बताते हुए उन पर गर्व व्यक्त किया।

**अन्य नेताओं ने भी की श्रद्धांजलि :** दुर्गा सोरेन स्मारक पर मुख्यमंत्री के अलावा कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्या, जिला झामुमो के मुस्ताक अहमद सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।




| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 38.5° | अधिक. 41.4° |
| न्यून. 25.2° | न्यून. 24.2° |

## दृष्टिपात

### पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**धनबाद।** पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे यार्ड से संचालित हो रहे गांजा तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। धनसार थाना क्षेत्र के काठपुल बरमसिया रेलवे यार्ड में खड़ी गंगा-सतलज एक्सप्रेस के जरिए गांजा की खेप बाहर भेजे जाने की सूचना पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए करीब पांच किलो गांजा और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। हालांकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। गुरुवार को मामले की जानकारी देते हुए धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात करीब 8:20 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी।

### घूस लेते गृह रक्षक जवान गिरफ्तार

**सिमडेगा।** जिला समाहरणालय कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गृह रक्षक जवान को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार जवान की पहचान राजू कुमार साह के रूप में हुई है, जो समाहरणालय कार्यालय में कार्यरत था। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बानो थाना क्षेत्र के बुड़िसरी गांव निवासी श्रवण गोप ने एसीबी रांची में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि समाहरणालय कार्यालय से ड्यूटी दिलाने के नाम पर राजू कुमार साह द्वारा 7 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। शेष पेज 11 पर

# 27 नक्सलियों ने डाले हथियार छह पर था 5-5 लाख का इनाम

## आत्मसमर्पण करने वालों में 25 माओवादी और जेजेएमपी संगठन के 2 उग्रवादी

- **सरेंडर के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद/जमा किए गए**
- **आत्मसमर्पण पुलिस मुख्यालय में डीजीपी तदाशा मिश्र और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय 25 माओवादियों और प्रतिबंधित संगठन जेजेएमपी के दो उग्रवादियों समेत कुल 27 नक्सलियों ने गुरुवार को रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के इतिहास में एक दिन में हुआ यह अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक सरेंडर माना जा रहा है।

डीजीपी तदाशा मिश्रा और पुलिस-सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में इन नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। आत्मसमर्पण करने वालों में आठ हार्डकोर नक्सली ऐसे हैं, जिन पर सरकार ने लाखों का इनाम घोषित कर रखा था। इनमें पांच लाख रुपए के छह नक्सली, दो लाख रुपए का एक और एक लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली शामिल है। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले इन उग्रवादियों के खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में कुल 426 गंभीर मामले दर्ज हैं। इन पर हत्या, पुलिस बलों पर हमला, लेवी वसूली, विस्फोट और हथियारबंद गतिविधियों जैसे आरोप हैं। सरेंडर के दौरान नक्सलियों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी सुरक्षा बलों को सौंपे। इनमें एक एलएमजी इंसास, चार इंसास राइफल, नौ एसएलआर, एक बोल्ट एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन, 2987 कारतूस और आठ वॉकी-टॉकी शामिल हैं। सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटने वालों में भाकपा माओवादी संगठन के सात सब जोनल कमांडर, सात एरिया कमांडर और 13 सक्रिय कैडर शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता और पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही हथियार जमा करने के एवज में निर्धारित राशि भी अलग से दी जाएगी। नक्सलियों के आत्मसमर्पण समारोह में आईजी पंकज कंबोज, आईजी प्रभात कुमार, आईजी सुनील बंसल, आईजी असीम विक्रांत मिंज, आईजी अनूप बिरथरे, आईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, डीआईजी, इन्द्रजीत महथा, डीआईजी मनोज रतन चौथे, डीआईजी कार्तिक एस, शैलेंद्र वर्णवाल, एसएसपी राकेश रंजन, एसपी हरिश बिन जमा, एसपी सौरभ समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।



### सरेंडर करने वालों में महिला कैडर भी शामिल

आत्मसमर्पण करने वाले प्रमुख इनामी नक्सलियों में गादी मुंडा उर्फ गुलशन, नागेंद्र मुंडा उर्फ प्रभात मुंडा, रेखा मुंडा उर्फ जयंती, सागेन आंगारिया उर्फ दोकोल और सुलेमान हांसदा उर्फ सुनी हांसदा के नाम शामिल हैं। जेजेएमपी संगठन के सचिन बेक ने भी हथियार डाल दिए। इनके अलावा दर्शन उर्फ बिंज हांसदा, करण तियू उर्फ डांगुर, बासुमती जेराई उर्फ बासू, बैजनाथ मुंडा, रघु कायम उर्फ गुणा, किशोर सिरका उर्फ दुर्गा सिरका और राम दयाल मुंडा समेत कई अन्य उग्रवादी भी मुख्यधारा में लौटे हैं। सरेंडर करने वाली महिला कैडरों में वंदना उर्फ शांति, सुनिता सरदार, सपना उर्फ सुरु कालुंडिया और अनिशा कोड़ा उर्फ रानी सहित कई नाम शामिल हैं।

# कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक लव भाटिया की संदेहास्पद मौत, सुसाइड की आशंका

## तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में कराए गए थे भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के प्रसिद्ध कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक लव भाटिया उर्फ अभिमन्यु भाटिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। लव भाटिया द्वारा जहर खाकर सुसाइड करने की आशंका जाहिर की जा रही है। हालांकि पुलिस अब तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुरुवार को लव भाटिया की अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल लालपुर स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम ने उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

फिलहाल उनकी मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिवार की ओर से भी अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने भी मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर रहस्य बना हुआ है और पुलिस जांच में जुट गई है।

**2009 में लव भाटिया का हुआ था अपहरण :** लव भाटिया का नाम लगभग 17 साल पहले उस समय सुर्खियों में आया था, जब वर्ष 2009 में उनका अपहरण कर लिया गया था। वे मेन रोड स्थित पंजाब स्वीट हाउस बंद कर रात में घर लौट रहे थे, तभी अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया था। इस मामले में उनके पिता आशीष भाटिया ने लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तत्कालीन एसएसपी प्रवीण सिंह ने हजारीबाग में एक एनकाउंटर के बाद उन्हें सकुशल बरामद किया था।

### जमशेदपुर में भीषण गर्मी का कहर, अज्ञात मजदूर की मौत

**जमशेदपुर।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी लोगों पर भारी पड़ने लगी है। लगातार तीन दिनों से जारी तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच गुरुवार को मानगो थाना क्षेत्र में एक अज्ञात मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि मजदूर की मौत लू लगने की वजह से हुई है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मानगो थाना क्षेत्र स्थित डिमना रोड पर ब्लू बेल्स स्कूल के समीप एक मजदूर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज धूप और गर्मी के कारण उसे अचानक चक्कर आया और वह सड़क पर गिर पड़ा। शेष पेज 11 पर

## पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के खिलाफ आरोप तय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मनरेगा राशि के कथित मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिया है। गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि केस रिकॉर्ड में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर अभिषेक झा के खिलाफ पीएमएलए एक्ट 2002 की धारा-3 के तहत मनी लाउंड्रिंग और धारा-4 के तहत दंडनीय अपराध का आरोप प्रथम दृष्टया स्पष्ट होता है। अदालत द्वारा आरोप समझाए जाने पर अभिषेक झा ने खुद को निर्दोष बताया और ट्रायल फेस करने की बात कही। इसके बाद कोर्ट ने औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिया।सुनवाई के दौरान अभिषेक झा ने 25 मई से 31 मई तक प्रस्तावित सिंगापुर यात्रा का पूरा विवरण, संपर्क जानकारी और शपथ पत्र अदालत में दाखिल किया। कोर्ट ने उक्त दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर रख लिया। मामले में अगली सुनवाई 6 जून को निर्धारित की गई है। शेष पेज 11 पर

## प्राचार्य मनोज को यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने दोषी माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी के एक प्रतिष्ठित स्कूल के पूर्व प्राचार्य मनोज कुमार सिन्हा उर्फ एमके सिन्हा को तीन साल पुराने छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नंबर-2 की अदालत ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। मामले में सजा के बिंदु पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। एमके सिन्हा फिलहाल न्यायिक हिरासत में रहते हुए ट्रायल फेस कर रहे हैं। मामला मई 2022 का है। पीड़िता ने अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि प्रिंसिपल एमके सिन्हा बीपी चेक कराने के बहाने उन्हें अपने कमरे में बुलाते थे और अश्लील हरकत करते हुए शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाते थे।

एफआईआर दर्ज होने के बाद एमके सिन्हा फरार हो गए थे। पुलिस ने चार दिन बाद जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शेष पेज 11 पर

### पति ने पत्नी और बच्ची की हत्या कर दफनाया

**पाकुड़।** जिला में महेशपुर प्रखंड के इच्छानगर गारामारा गांव में एक परिवार में हुए आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी व मासूम बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या कर दी और उसे दफना दिया। घटना बीते बुधवार देर रात्रि की है। गुरुवार को जब गांव में चर्चा हुई और महिला व बच्ची की खोजबीन लोगों ने की तो कुछ पता नहीं चला और मामले की जानकारी रद्दीपुर ओपी पुलिस को दी। इस घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संजय सिन्हा, ओपी प्रभारी अजय उपाध्याय दलबल के साथ पहुंचे शेष पेज 11 पर

# गुमला में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। ये तीनों दोस्त डुमरी थाना क्षेत्र के एक ही गांव आकाशी उजडा के निवासी थे। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। लोग रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

**हादसे के समय तेज गति में थी बाइक :** परिजनों के मुताबिक, तीनों युवक चैनपुर से अपने घर लौट रहे थे। डढ़गांव के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक आम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### एक ही बाइक पर सवार थे तीनों



**एक ही गांव के थे तीनों युवक :** मृतकों की पहचान उजडा गांव निवासी 19 वर्षीय अक्षय केरकेट्टा, 18 वर्षीय आर्यन टोप्पो और 18 वर्षीय संजीत केरकेट्टा के रूप में हुई है। अक्षय ने 2026 में संत अन्ना विद्यालय से इंटर प्रथम श्रेणी में पास किया था जबकि आर्यन संत पैट्रिक स्कूल में 11वीं का छात्र था। संजीत ने 10वीं पास करने के बाद दो साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी।

**पुलिस के कब्जे में क्षतिग्रस्त बाइक :** दुर्घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एसआई धर्मपाल संतोष लगून मौके पर पहुंचे। घटना की पुष्टि करते हुए उन्होंने गुरुवार को तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है ओर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। घटना कैसे घटी इन सभी विषयों पर बारीकी से जांच शुरू हो गई है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा मामले का खुलासा :** बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। परिजनों ने यह भी बताया कि वे कथित तौर पर नशे में थे। पूरे मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

**सम्मेलन**

## कुलपति सम्मेलन का राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया उद्घाटन, कहा

# झारखंड के विश्वविद्यालय कौशल विकास पर दें ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल-सह-विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने के केंद्र न बनें बल्कि उन्हें नवाचार और कौशल विकास का सशक्त केंद्र बनना होगा। राज्यपाल गुरुवार को रांची में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि राज्य में स्कूली शिक्षा की स्थिति तो अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी बड़े सुधारों की दरकार है। राज्यपाल ने झारखंड में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से काफी कम होने पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहगा कि उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समय पर परीक्षा और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के अभाव में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को राज्य से बाहर जाना पड़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि जिस दिन झारखंड के विद्यार्थियों को यह महसूस होगा कि बेहतर शिक्षा के लिए उन्हें राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं है, उसी दिन प्रयासों को सफल माना जाएगा। उन्होंने कुलपतियों से एकेडमिक लीडर्स की भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में नियमित कक्षाएं, समय पर परीक्षाएं और तय समय सीमा में परिणाम प्रकाशित होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा में पारदर्शिता, जवाबदेही और शैक्षणिक उत्कृष्टता लाने के उद्देश्य से 'झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026' लागू किया गया है। शेष पेज 11 पर

### परिणाम आधारित शिक्षा पर ध्यान देना होगा : डॉ नितिन कुलकर्णी




इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने कहा कि अब केवल चर्चा से काम नहीं चलेगा, बल्कि परिणाम आधारित शिक्षा पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को समाज और स्थानीय समस्याओं से जुड़कर शोध कार्य करना चाहिए। डॉ कुलकर्णी ने कहा कि आज के दौर में शिक्षकों को भी नई तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुरूप खुद को लगातार अपडेट करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों में तार्किक और विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने की जरूरत पर बल दिया।

# 6 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा, लोग बेहाल

## आज से 10 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट...

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा। मौसम विभाग ने 21 से 25 मई के बीच राज्य के कई जिलों में आंधी, तेज हवा और बारिश की संभावना जताई है। खासकर संताल परगना समेत उत्तर-पूर्वी जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जैसे जिलों में भीषण गर्मी और लू का असर जारी रहने की संभावना है।



**धूप-उमस के बीच कहीं राहत की बारिश :** पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम का दोहरा असर देखने को मिला। दिन के समय तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया, वहीं कुछ जिलों में शाम के समय हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़े। सरायकेला में सबसे अधिक 6.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। शेष पेज 11 पर

# देवासी हेम्ब्रम को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल एयर गन राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर देश और झारखंड का नाम रोशन करने वाली देवासी हेम्ब्रम को आज झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। देवासी हेम्ब्रम झारखंड के जामताड़ा जिले के नाला क्षेत्र अंतर्गत कुंडहित की रहने वाली हैं। सम्मान समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने देवासी के माता-पिता, परिजनों और उनके कोच को भी बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। रबींद्रनाथमहतो ने कहा कि देवासी ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और देवासी की सफलता राज्य की युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार भी उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे

# एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से नहीं छूटेगा : के. रवि कुमार

- राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक घर तक संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र के बीएलओ पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निर्वाचन सदन से मीडिया के प्रतिनिधियों हेतु आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।
के रवि कुमार ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन करेंगे जिसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। नोटिस पीरियड तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाताओं के आवेदन दावा एवं आपत्तियां दर्ज करने के क्रम में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर संकलित किए जाएंगे। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा और लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी।

के रवि कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और विदेशी नागरिक इसमें शामिल नहीं होंगे। उन्होंने मतदाताओं, कर्मियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए, से अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें ताकि राज्य की मतदाता सूची अधिक स्वच्छ समावेशी एवं त्रुटिरहित बन सके। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्यशाला, बाधाओं को दूर करने पर जोर

# 25 साल बाद राज्य में पेसा कानून लागू, अब बेहतर क्रियान्वयन की बारी : दीपिका पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

### स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे : सचिव मनोज कुमार




**रांची।** राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद पेसा कानून लागू कर दिया गया है। पारंपरिक ग्राम सभा को उनका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए गांव - गांव तक पेसा नियमावली के बेहतर एवं मजबूत क्रियान्वयन की आवश्यकता है। पेसा कानून के दायरे में आने वाले जिलों के अधिकारियों को इसके लिए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। ये बातें ग्रामीण विकास विभाग , ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा पेसा नियमावली के संबंध में किया गया था।

मंत्री ने कहा कि यह कानून मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश पर लागू किया गया है, जिनका सपना था कि राज्य में पारंपरिक ग्राम व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिले। उन्होंने कहा कि इस कानून को धरातल पर उतारने के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करना आवश्यक है। श्रीमती पांडेय ने बताया कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना था, जिनमें झारखंड का कानून सबसे बेहतर और प्रभावी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है, ऐसे में सभी संबंधित लोगों को इसके प्रावधानों का गहन अध्ययन करना चाहिए। गांव के लोगों के हर सवालों और परेशानियों का जवाब पेसा नियमावली के पन्नों में दर्ज है। उन्होंने निर्देश दिया कि पारंपरिक व्यवस्था के तहत तीन महीने के भीतर ग्राम प्रधानों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आगे की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लागू की जा सकें।

मंत्री ने कहा कि यह कानून पारंपरिक ग्रामसभाओं को सशक्त बनाने वाला है और विभागीय स्तर पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पारंपरिक ग्राम प्रधान और राजस्व ग्राम प्रधान को समझने की जरूरत है। पारंपरिक तरीके से ही ग्राम सभा के जरिए ग्राम प्रधान के चयन को सुनिश्चित करना है ।

रांची में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला में पंचायती राज निदेशालय की निदेशक बी. राजेश्वरी ने कहा कि राज्य में पेसा कानून का लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि इस कानून को लागू करने से पहले कई आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गईं, लेकिन इसके क्रियान्वयन के दौरान विभिन्न प्रकार की चुनौतियां भी सामने आई हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए निरंतर सुधार की प्रक्रिया जारी है। कार्यशाला में आयोजित तीन तकनीकी सत्र का मुख्य उद्देश्य इन समस्याओं का समाधान निकालना था, ताकि संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक कुशलता और प्रभावशीलता के साथ कार्य कर सकें। सत्र में परंपरागत ग्रामसभा की भूमिका, सामुदायिक भागीदारी, और सशक्तिकरण में प्रशासन की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही शिक्षण एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में परंपरागत स्वशासन को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। पेसा नियमावली के सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों के बीच खुला संवाद भी हुआ, जिससे अनुभव साझा करने और बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में ठोस सुझाव सामने आए। कार्यशाला में विभिन्न जिला के उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

रांची में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि पेसा नियमावली लागू होने के बाद से ही इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ,स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे इसके लिए नियमावली का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। सचिव ने जानकारी दी कि पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों को राज्यभर में प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 125 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर जागरूकता बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियमावली के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए कई विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। इस दिशा में निदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो कानून के लागू होने में आने वाली बाधाओं का अध्ययन कर रही है। मनोज कुमार ने कहा कि पारंपरिक न्याय व्यवस्था का भी गहन अध्ययन किया जा रहा है, ताकि स्थानीय संदर्भों को ध्यान में रखते हुए नियमावली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा जताया कि निरंतर प्रयासों से पेसा कानून का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

### नए आपराधिक कानूनों को लेकर डीजीपी ने की समीक्षा बैठक

# पुलिसिंग व्यवस्था को तकनीक सक्षम, पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुसंधान की गुणवत्ता और तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत बनाने को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड डीजीपी तदाशा मिश्र ने की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक इसमें शामिल हुए।

बैठक में डीजीपी ने सभी जिलों में सीसीटीएनएस की उपलब्धता और लंबित डाटा इंट्री कार्यों की समीक्षा करते हुए इन्हें जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुसंधान कार्यों के लिए आवश्यक मोबाइल फोन की खरीद प्रक्रिया की भी जानकारी ली गई। उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों को डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण और ई-साक्ष्य पोर्टल पर साक्ष्यों की समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत अपलोडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीजीपी तदाशा मिश्र ने कहा कि सभी मामलों का अनुसंधान 60 से 90 दिनों के भीतर पूरा करने की दिशा में काम किया जाए। समयबद्ध अनुसंधान से न्यायिक प्रक्रिया मजबूत होगी और आम जनता का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अनुसंधान की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा नए आपराधिक कानूनों और अनुसंधान प्रक्रिया को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक तकनीक सक्षम, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए, ताकि आम लोगों को त्वरित और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक के अलावा पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण ए विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक अभियान नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक बजट संध्यारानी मेहता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसएसपी और एसपी भी जुड़े रहे।

## राजीव रंजन की गिरफ्तारी मामले की न्यायिक जांच कराए सरकार : शीला

**रांची।** नगर निगम वार्ड संख्या 39 की पार्षद व धुर्वा क्षेत्र की समाजसेविका शीला देवी ने भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा व उनके पुत्र की गिरफ्तारी के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि श्री मिश्रा की गिरफ्तारी पूर्वाग्रह से ग्रसित है। उन्हें एक सोची समझी साजिश के तहत फर्जी मामले में फंसाया गया है। श्रीमती शीला ने इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक कमेटी गठित कर कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में गुरुवार को धुर्वा स्थित नगर निगम वार्ड संख्या 39 के कार्यालय में शंभू सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा की गिरफ्तारी की निंदा की गई। शंभू सिंह ने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत श्री मिश्रा व उनके पुत्र को फंसाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने से दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। बैठक में कार्तिक लाल शर्मा, जितेंद्र सिंह डब्लू, शिव शंकर पांडे, सुबोध सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस, दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे मनाई गई। आज के दिन को कांग्रेसजनों के द्वारा उर्जा दिवस के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी झारखंड की जनता को सदैव याद रहेंगे। देश में शांति और एकता को बहाल रखने के लिए अखंड भारत के सपनों को साकार रखने के लिए उनकी दी गई शहादत को देश सदैव याद रखेगा। झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों एवं दूसरे समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है,यह विचार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट किया था। राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में योजनाओं में झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखते थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजीव गांधी को महान स्वप्न द्रष्टा बताया एवं कहा कि स्व. गांधी का भारत को 21वीं सदी में ले जाने का जो प्रयास था उसकी एक मजबूत नींव उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान रखा था। भारत में कंप्यूटर युग की शुरुआत उन्हीं की देन है। वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के सत्ता विकेन्द्रीकरण का विस्तार से चर्चा की। राजीव गांधी का यह सपना था कि गांवों में बसने वाले भारत कायाकल्प तभी हो सकता है जब पंचायतों के माध्यम से चुने हुए जनप्रतिनिधियों के हाथों से सत्ता संचालित होगी। 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज शासन व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण जैसे कालजयी निर्णय देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से दयामणि बारला, अभिलाष साहू, राकेश सिन्हा, रविंद्र सिंह, विनय सिन्हा, दीपू लाल, किशोर नाथ शाहदेव, राजीव रंजन प्रसाद, सोनाल शांति, राजन वर्मा, आदित्य विक्रम जायसवाल, अमरेंद्र सिंह, सुरेन राम सुधीर, जगदीश साहू, रमाकांत आनंद, सुनील सिंह, कामेश्वर गिरी, अनिल उरांव, प्रोफेसर उदय प्रकाश समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## सीएम से मिले कुलपति



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में साईं नाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# लंबित मांगों को लेकर मनरेगा कर्मचारी जेएमएम के केंद्रीय महासचिव से मिले

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों ग्रेड पे, स्थाई समायोजन एवं सामाजिक सुरक्षा को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यभर के मनरेगा कर्मियों की समस्याओं एवं आंदोलन की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

वार्ता के दौरान केंद्रीय महासचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री के समक्ष मनरेगा कर्मियों की मांगों को सकारात्मक रूप से रखकर सहमति बनाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि झारखंड के मनरेगा कर्मी अपनी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर विगत 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ का कहना है कि इससे पूर्व भी मनरेगा कर्मी कई बार लंबी अवधि तक आंदोलन एवं हड़ताल कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला और मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले 18-19 वर्षों से अल्प मानदेय पर सेवा दे रहे हैं। बढ़ती महंगाई एवं असुरक्षित भविष्य के बीच कर्मियों के समक्ष गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक ग्रेड पे, स्थायीकरण एवं नौकरी की गारंटी संबंधी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय, प्रदेश महामंत्री विकास पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद नन्हें परवेज, प्रदेश सचिव मो. यासीन अंसारी, मनोज महतो, मो. युसूफ, रमेश बेक, अनवारुल हसन, संतोषी डुंगडुंग सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### उत्साह — सरकारी विद्यालयों में खेल, कला और रचनात्मकता के रंग में सराबोर रहा समर कैंप

# 50 लाख से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ समापन

- कई जिलों में जिला शिक्षा अधिकारियों की सहभागिता से उत्साहित दिखे नन्हे-मुन्ने बच्चे

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रभावी पहल रहा समर कैंप" राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा राज्य के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय "समर कैंप 2026" का गुरुवार को सफल समापन हुआ। "सीखें, खेलें, सृजन करें" थीम पर आधारित इस विशेष आयोजन ने राज्यभर के लाखों विद्यार्थियों को सीखने, अभिव्यक्ति एवं सामूहिक सहभागिता का सशक्त मंच प्रदान किया।

राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित इस समर कैंप में लगभग 35 हजार विद्यालयों के 50 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। तीन दिनों तक विद्यालय परिसर खेल, कला, संस्कृति, योग एवं रचनात्मक गतिविधियों से जीवंत बने रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम दिन राज्य के कई जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारियों के विभिन्न विद्यालयों में सक्रिय रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास एवं सामूहिक नृत्य में शामिल हुए। अधिकारियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया। समर कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

समर कैंप के अंतिम दिन कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए जूम्बा व्यायाम, कंचे का खेल, कविता पाठ, नृत्य एवं "मेरा विद्यालय, मेरा गाँव" विषय पर लघु भाषण का आयोजन किया गया। वहीं हस्तकला गतिविधियों के अंतर्गत चित्रांकन एवं रंग भरने जैसी रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए गिल्ली-डंडा, पिट्टू एवं गुलेल जैसे पारंपरिक स्वदेशी खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ "झारखंड की संस्कृति, वन का लाभ" विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं झारखंड सामान्य ज्ञान आधारित क्वीज आयोजित किया गया। कला-संस्कृति गतिविधियों के अंतर्गत कहानी लेखन, पुस्तक पठन, लोकगीत एवं क्षेत्रीय नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इसी प्रकार कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए "झारखंड का विकास, पर्यावरण का संरक्षण" विषय पर भाषण एवं क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही समूह प्रस्तुति, नाटक, लोकगीत एवं क्षेत्रीय नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

तीन दिवसीय समर कैंप की सफलता पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय परिवर्तन करने वाले विद्यार्थियों को इस समर कैंप के माध्यम से नए मित्रों एवं नए वातावरण के साथ सहज रूप से जुड़ने का अवसर मिला।

### नेता प्रतिपक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

# रांची जेल के काराधीक्षक के बाद अब जेलर पर लगा यौन शोषण का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में महिला कैदी के साथ यौन शोषण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा इस मामले में संज्ञान लिए जाने के बाद एक बार फिर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। अपने पत्र में बाबूलाल मरांडी ने काराधीक्षक कुमार चंद्रशेखर के बाद अब जेलर लवकुश कुमार की करतूतों को पत्र के माध्यम से सरकार को अवगत कराया है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के कारागारों में अधिकारियों द्वारा सत्ता के बल पर महिलाओं के व्यवस्थित यौन शोषण, पूर्व की शिकायतों को रफा-दफा करने की साजिश तथा वर्तमान में राज्य सरकार के संरक्षण में पनप रहे गठजोड़ की उच्चस्तरीय जांच कराने एवं दोषियों को जेल भेजने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए अपने पत्र में कहा है कि यह कोई निजी या घरेलू विवाद नहीं है। यह एक जेलर और काराधीक्षक द्वारा अपने पद, सत्ता और वर्दी का इस्तेमाल कर महिला कर्मियों एवं कैदियों के यौन शोषण, धमकी, भय और भ्रष्टाचार का एक खुला संगठित अपराध है जो फल-फूल रहा है।



कचहरी के पास वेंडर मार्केट के आगे कुछ दिनों पहले काम हटाया गया था वहां फिर से दुकानें सज गई हैं, आज एक ऑटो के धक्के से बाइक सवार गिर गया और चोट लगी।



रातू रोड खादगढ़ा सब्जी मार्केट के बाहर से कुछ दिनों पहले अतिक्रमण हटाया गया था। धीरे -धीरे सड़क किनारे फिर से दुकानें सज गई हैं। बीच में लाल घेरे में पुलिस का सिपाही खड़ा है उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं है।

## रांची नगर निगम का मॉनसून पूर्व विशेष सफाई अभियान तेज

# दो पालियों में हो रही नालों की साफ-सफाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी मॉनसून को देखते हुए रांची नगर निगम द्वारा शहरभर में विशेष सफाई अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। जलजमाव की समस्या को रोकने और सुचारु जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम द्वारा दो पालियों में छोटे-बड़े नालों और गली-मोहल्लों की नालियों की सफाई की जा रही है। अभियान के तहत मैनुअल सफाई के साथ-साथ जेसीबी, सुपर शकर मशीन और स्किड लोडर मशीन (मिनी जेसीबी) जैसी आधुनिक मशीनों का उपयोग कर जाम और बड़े नालों की तेजी से सफाई की जा रही है। निगम विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान दे रहा है जहां मॉनसून के दौरान जलजमाव की आशंका अधिक रहती है।

गुरुवार को जेसीबी के माध्यम से वार्ड 24 के लाला लाजपत नगर, कडरू और हिंदपीढ़ी बड़ा नाला, वार्ड 44 के गौरी शंकर नगर एवं निवारणपुर तथा वार्ड 10 के भाभा नगर में बड़े नालों की सफाई की गई। वहीं वार्ड 14 में मिनी जेसीबी के जरिए जाम नालियों को साफ किया गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों में भी व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड 01 जवाहर नगर, वार्ड 02 भीटा चौक, वार्ड 03 अंबेडकर नगर और लाल कोठी, वार्ड 07 कोरहा टोली और सियोन नगर, वार्ड 15 कोनका रोड, वार्ड 20 बंगला स्कूल क्षेत्र, वार्ड 24 ओल्ड एजी कॉलोनी और पीपी कंपाउंड, वार्ड 26 बुध विहार कॉलोनी, वार्ड 29 रानी बागान, वार्ड 32 पंचशील नगर, वार्ड 35 पुंदाग रोड, वार्ड 36 अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी, वार्ड 42 शुक्ला कॉलोनी, वार्ड 44 गौरी शंकर नगर, वार्ड 51 कल्याणपुर और वार्ड 53 तुपुदाना मार्ग समेत कई इलाकों में नालियों की सफाई की गई।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें और शहर को स्वच्छ एवं जलजमाव मुक्त बनाने में सहयोग करें। साथ ही नाली जाम या सफाई संबंधी समस्या होने पर निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।



### जल-जमाव रोकने के लिए बनाई विशेष समिति



**रांची।** मानसून से पहले शहरवासियों को जल-जमाव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम ने शहर के जल-जमाव प्रभावित और संवेदनशील इलाकों के लिए विशेष समिति का गठन किया है, जो स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में काम करेगी। नगर निगम के अनुसार, बरसात के दौरान शहर के कई इलाकों में लगातार जल-जमाव की समस्या सामने आती रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जिन इलाकों में नाली निर्माण और ड्रेनेज से जुड़े कार्य चल रहे हैं, वहां कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी भी की जाएगी।

### अवैध जल संयोजन पर दो प्रतिष्ठानों से रु 20 हजार जुर्माना वसूला

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में अवैध जल संयोजन और जलापूर्ति से जुड़ी अनियमितताओं के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर निगम की धावा दल ने वार्ड संख्या 44 स्थित निवारणपुर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान "न्यू मिथिला मोटर" और "इंडिया मोटर वर्कशॉप" में अवैध जल संयोजन पाए गए। नगर निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों पर कुल 20,000 का जुर्माना लगाया और अवैध जल संयोजन को काट दिया। साथ ही भविष्य में दोबारा ऐसी अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अवैध जल संयोजन, अवैध वाटर बॉटलिंग प्लांट, अवैध बोरिंग और जलापूर्ति प्रणाली के दुरुपयोग के खिलाफ नियमित जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मारवाड़ी युवा मंच ने तीसरे स्थाई प्याऊ का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भीषण गर्मी में राहगीरों एवं जरूरतमंदों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा संचालित तीसरे स्थाई प्याऊ का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। यह स्थाई प्याऊ हनुमान मंदिर, हरिहर सिंह रोड के सामने, टैगोर हिल लेन, मोरहाबादी में समाज को समर्पित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाना केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवता के प्रति सबसे सुंदर समर्पण है। मंच द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समर्पण का प्रेरणादायी संदेश देता है।



मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा निरंतर जनसेवा के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्थाई प्याऊ की यह पहल राहगीरों के लिए गर्मी में राहत का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा भीषण गर्मी में जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य एवं मानव सेवा है। मारवाड़ी युवा मंच राँची शाखा सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है और आगे भी समाजहित के कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे। हमारा प्रयास है कि शहर के अधिक से अधिक क्षेत्रों तक यह सेवा पहुंचे, ताकि कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे।उन्होंने बताया की रांची में कुल 11 स्थायी प्याऊ क्षेत्रों में लगाए जा चुके हैं और आज के स्थायी प्याऊ श्री सोनीत अग्रवाल के सहयोग से लगाया गया है। शाखा सचिव मुकेश शर्मा ने कहा स्थायी प्याऊ एवं वाटर कूलर फ्रीज़र की यह व्यवस्था राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है। मंच द्वारा बहुत जल्द शहर के अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी अतिरिक्त वाटर कूलर फ्रीज़र लगाने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।

## रांची में जनगणना कार्यों की केंद्रीय टीम ने की सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के क्रियान्वयन का निरीक्षण करने रांची पहुंचे अपर महारजिस्ट्रार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं निदेशक-सह-मुख्य प्रधान जनगणना पदाधिकारी सुनील कुमार एवं केंद्रीय टीम द्वारा जिले में चल रहे जनगणना कार्यों की सराहना की गई। केंद्रीय टीम ने कहा कि रांची जिला में जनगणना 2027 का कार्य प्रभावशाली, सुव्यवस्थित एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।



अपर महारजिस्ट्रार सुनील कुमार ने प्रधान जनगणना पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात के दौरान ये बातें कही। मंजूनाथ भजन्त्री ने अपर महारजिस्ट्रार सुनील कुमार को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी-सह-उप जिला जनगणना पदाधिकारी शेषनाथ बैठा एवं संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में केंद्रीय टीम ने 19 से 21 मई तक रांची जिला अंतर्गत ओरमांझी, नामकुम एवं कांके प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जनगणना कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों द्वारा तैयार नजरी नक्शों का मिलान किया गया तथा विभिन्न बिंदुओं पर उनसे प्रश्न पूछे गए, जिनका संतोषजनक एवं तार्किक उत्तर प्रगणकों द्वारा दिया गया। केंद्रीय टीम प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं कार्य निष्पादन से काफी प्रभावित हुई। केंद्रीय टीम द्वारा यह भी बताया गया कि रांची जिला में जनगणना 2027 के कार्यों का संचालन बेहतर समन्वय एवं गंभीरता के साथ किया जा रहा है, जो अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक है।

## रांची पुलिस ने डी-कोर मॉल फायरिंग मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार



**रांची ।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित डी-कोर मॉल में फायरिंग की घटना के बाद रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 20 मई की रात करीब 10:50 बजे सूचना मिली थी कि डी-कोर मॉल परिसर में फायरिंग हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पार्किंग क्षेत्र से एक कारतूस का खोखा बरामद किया गया। खोखे के पैंदे पर "एचपीएम 25.32" अंकित था। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि संतोष कुमार नामक व्यक्ति ने लोगों में भय और अशांति फैलाने के उद्देश्य से अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग की थी। मामले में लालपुर थाना कांड संख्या 100/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता) की धारा 292 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27/30 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के मार्गदर्शन और वरीय पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से पलामू जिले का रहने वाला है और वर्तमान में पुंदाग क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल, मैगजीन, चार जिंदा गोलियां और फायर किया हुआ खोखा बरामद किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बीआईटी और बिहार सरकार के बीच एमओयू का नवीनीकरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा और बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने बीआईटी पटना ऑफ-कैंपस की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का नवीनीकरण 16 दिसंबर 2030 तक कर दिया है। यह समझौता हस्ताक्षर समारोह बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के विभागीय सचिव हिमांशु शर्मा और इंद्रनील मन्ना ने एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में बिहार सरकार के निदेशक अहमद महमूद और राजेश जैन ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बीआईटी पटना के निदेशक धीरेश कुमार मलिक, प्रबंधन विभाग के सह-प्राध्यापक अभिनव कुमार शांडिल्य तथा सहायक कुलसचिव तृषा कुमार भी उपस्थित रहीं। नवीनीकृत एमओयू के तहत बीआईटी पटना को बीआईटी मेसरा के ऑफ-कैंपस केंद्र के रूप में जारी रखा जाएगा, जिससे बिहार के विद्यार्थियों को राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध होती रहेगी। समझौते में बिहार के छात्रों के लिए आरक्षण संबंधी प्रावधानों को भी बनाए रखा गया है। साथ ही यह शैक्षणिक विकास, आधारभूत संरचना विस्तार और उच्च तकनीकी शिक्षा में संस्थागत सहयोग को मजबूत करेगा।

## चार ट्रेनों में भीड़ देख जोड़े जाएंगे अतिरिक्त कोच

**रांची।** गर्मी छुट्टी होने के कारण ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। इसके कारण रांची से प्रस्थान करने वाली अधिकतर ट्रेनों में आरक्षित बर्थ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, गुरुवार को ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रांची रेलमंडल प्रशासन ने चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की। इसमें रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में 23 मई को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच, रांची-वाराणसी एक्सप्रेस में 23, 25, रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में 24, 25 और रांची-आरा एक्सप्रेस में 23, 25 मई को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा।

## रांची में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिली एसी जैकेट

**रांची।** राजधानी रांची में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों को राहत देने के लिए रांची पुलिस ने नई पहल की है। ट्रैफिक जवानों के लिए अत्याधुनिक "कूलिंग जैकेट" का ट्रायल शुरू किया गया है। इस जैकेट की मदद से जवान तेज धूप और गर्म हवा के बीच भी लंबे समय तक आरामदायक तरीके से ड्यूटी कर सकेंगे। रांची पुलिस की ओर से फिलहाल 5 कूलिंग जैकेट का ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान जवानों से फीडबैक लिया जाएगा। अगर इसका परिणाम बेहतर रहा तो आगे और जैकेट खरीदे जाएंगे।

### इन-बिल्ट फैन से मिलेगी ठंडक

इस खास जैकेट में इन-बिल्ट फैन सिस्टम लगाया गया है। फैन लगातार हवा का प्रवाह बनाए रखता है, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। इससे ट्रैफिक जवानों को गर्मी में राहत मिलेगी और वे ज्यादा देर तक सक्रिय रह सकेंगे।

### 8 घंटे तक करेगी काम

कूलिंग जैकेट को पावर बैंक से चलाया जाता है। एक बार चार्ज करने के बाद यह करीब 8 घंटे तक लगातार काम कर सकती है। यानी जवान अपनी पूरी ड्यूटी के दौरान इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

### धूप और रात दोनों में सुरक्षा


जैकेट का कपड़ा एसपीएफ 50 सुरक्षा के साथ तैयार किया गया है, जो तेज धूप और हानिकारक किरणों से बचाव करता है। वहीं रात में ड्यूटी के दौरान सुरक्षा बढ़ाने के लिए इसमें रिफ्लेक्टिव रेडियम स्ट्रिप्स लगाई गई हैं। इससे दूर से ही जवान आसानी से नजर आ सकेंगे और सड़क हादसों का खतरा भी कम होगा।

### जवानों की सेहत और सुविधा पर किया गया है फोकस

रांची पुलिस का कहना है कि गर्मी में लगातार सड़क पर खड़े रहकर ट्रैफिक संभालना आसान काम नहीं है। ऐसे में जवानों की सेहत और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इससे जवानों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी और वे ज्यादा बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा पाएंगे।



**भीषण गर्मी और लू से बचाएंगे दो पंखे, प्रयोग सफल रहा तो सबको मिलेगी**

# आदिवासी जमीन कब्जा करने गए बिल्डर अनुज लाल और मुन्ना भारद्वाज के दो गुर्गे गिरफ्तार

- गिरफ्तार दोनों आरोपी शुक्रवार को जेल भेजे जाएंगे : थाना प्रभारी
- 11 लोगों पर प्राथमिकी की गई है दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू रिंग रोड समीप के के ढाबा समीप आदिवासी रैयत फागु मुंडा और उनके परिवार की बकाशत भूईहरी खतियानी 52 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लोहे का गेट लगाने गए कांके रोड के बिल्डर अनुज लाल व जमीन माफिया दीपक भथुयार उर्फ मुन्ना भारद्वाज के दो गुरगे चंदन और मनीष को कांके थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस साक्षी जमुवार ने बताया कि शुक्रवार को दोनों को जेल भेजा जाएगा। इस संबंध में फागु मुंडा द्वारा दिए आवेदन के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सुकुरहुटू डहु टोला निवासी रैयत फागु मुंडा के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को कांके अंचल अधिकारी अमित भगत और थाना प्रभारी साक्षी जमुवार व इंस्पेक्टर कुणाल कुमार पुलिस बल के साथ रैयत के जमीन पर गए तो देखा कि जबरन कुछ लोग फागु मुंडा के जमीन पर चाहरदिवारी और लोहे का गेट लगा रहे हैं। काफी हंगामें के बाद कांके थाना पुलिस ने कार्य कर रहे अनुज लाल और मुन्ना भारद्वाज के दो गुरगे चंदन और मनीष को गिरफ्तार कर थाना ले आए। दोनों को कांके थाना हाजत में रखा गया है। फागु मुंडा ने कांके थाना में दिए आवेदन में कहा है कि मौजा सुकुरहुटू के खाता संख्या 560 प्लॉट संख्या 3818 रकवा 52 डिसमिल हमारी पुश्तैनी जमीन है। यह जमीन खतियानी वकाशत भूइहरी है। लागान पाने वाला मेरा दादा पूसा मुंडा है मैं पूसा मुंडा का वंशज हूं। लेकिन सुकुरहुटू गांव के ही साहू बगीचा निवासी स्वर्गीय मुस्लिम अंसारी के पुत्र रशीद अंसारी, सईद अंसारी, सेराज अंसारी, रियाज अंसारी ने फर्जी कागजात बनाकर मेरे जमीन को कब्जा कर नींव खोदकर छोटा सा घर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। और इस पर लोहे का गेट भी लगा रहे थे। तब हमारे परिवार के लोग अपनी जमीन पर गए तो आरोपियों ने हम लोगों को तरह-तरह से धमकी दिया और आदिवासी जाति सूचक शब्द का भी गालियां दी। जान से मारने की धमकी दी 17 मई को दोपहर लगभग 12 बजे दो इस स्कॉर्पियो वाहन से और 8 दोपहिया वाहन से 20 से 25 लोग आए और जमीन को अपना बताते हुए जमीन से भाग जाने को कहा।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम व अन्नपूर्णा महाप्रसाद से लोगों को मिल रहा सहारा



**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) एवं श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर ने झारखंड में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में वर्तमान समय में लगभग 50 मंदबुद्धि, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों की सेवा की जा रही है। यहां रहने वाले सभी जरूरतमंदों को प्रतिदिन तीनों समय निःशुल्क भोजन, वस्त्र, देखभाल एवं मानवीय सम्मान प्रदान किया जाता है। आश्रम में सेवा भावना के साथ उनके स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं जीवनयापन की समुचित व्यवस्था की गई है। समाज के उपेक्षित एवं बेसहारा लोगों के लिए यह आश्रम किसी परिवार से कम नहीं है। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि विगत एक वर्ष में आश्रम में लगभग 72 हजार निराश्रितों एवं सेवादारों को भोजन कराया गया। यह सेवा कार्य निरंतर जारी है तथा प्रत्येक दिन सेवा, समर्पण एवं मानवता का संदेश दे रहा है। आश्रम में सेवा कार्य को ईश्वर भक्ति एवं मानव कल्याण का सर्वोत्तम माध्यम माना जाता है।

## लव भाटिया का निधन अत्यंत दुखद : डॉ प्रदीप वर्मा



रांची। प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं लोकप्रिय प्रतिष्ठान पंजाब स्वीट हाउस और कावेरी के मालिक स्वर्गीय लव भाटिया के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं मर्माहत करने वाला है। उनके निधन से रांची के व्यापारिक, सामाजिक एवं जनजीवन से जुड़े सभी लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने स्वर्गीय लव भाटिया के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि लव भाटिया जी ने अपने व्यवसाय के माध्यम से न केवल रांची की पहचान को नई ऊंचाई दी, बल्कि सामाजिक कार्यों एवं मानवीय मूल्यों के प्रति भी सदैव समर्पित रहे। डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय लव भाटिया जी का सरल स्वभाव, समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं लोगों के साथ आत्मीय संबंध उन्हें सदैव सभी के दिलों में जीवित रखेंगे। उनका निधन रांची के व्यापारिक एवं सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## अजय राय ने लव भाटिया के निधन पर जताया शोक



**रांची।** प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं पंजाब स्वीट हाउस तथा कावेरी के संचालक लव भाटिया के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनके निधन से रांची के व्यापारिक एवं सामाजिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। झारखंड भाजपा कार्यसमिति सदस्य अजय राय ने लव भाटिया के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि लव भाटिया जी केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक संवेदनशील एवं मिलनसार व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने कार्यों एवं व्यवहार से समाज में एक विशेष पहचान बनाई थी। अजय राय ने कहा कि स्वर्गीय लव भाटिया का योगदान रांची शहर के व्यापारिक विकास एवं सामाजिक सौहार्द में सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका निधन समाज के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवारजनों एवं शुभचिंतकों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## रोहिणी परियोजना के मृतक कामगार की पत्नी को मिला प्रोविजनल ज्वाइनिंग लेटर




**खलारी।** रोहिणी परियोजना के मृतक सीसीएल कर्मी मुलेश्वर गंझू की पत्नी को गुरुवार को महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा प्रोविजनल ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किया गया। इस दौरान एसओपी शैलेन्द्र कुमार, परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, खान प्रबंधक एसपी निगम सहित कई श्रमिक नेता एवं कामगार उपस्थित थे। मालूम हो कि बालूमाथ प्रखंड के बसिया निवासी मुलेश्वर गंझू की सोमवार रात ड्यूटी पर आने के दौरान सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी। बताया गया कि वे बाइक से रात्रि पाली की ड्यूटी करने रोहिणी परियोजना आ रहे थे। इसी दौरान बालूमाथ-मुरपा मार्ग पर रामघाट नदी के समीप उनकी बाइक की एक स्कूटी से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मंगलवार को रोहिणी परियोजना के कामगारों एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों ने मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग को लेकर काम बंद कर आंदोलन शुरू कर दिया था। श्रमिक नेताओं का कहना था कि मुलेश्वर गंझू की मौत ड्यूटी आने के दौरान हुई है, इसलिए नियमानुसार उनके आश्रित को तत्काल नियोजन दिया जाना चाहिए। प्रबंधन द्वारा मृतक की पत्नी को प्रोविजनल ज्वाइनिंग लेटर दिए जाने पर श्रमिक नेताओं एवं कामगारों ने संतोष जताते हुए प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। मौके पर शैलेश कुमार, कृष्णा चौहान, गोल्डेन प्रसाद, अमृत भोगता, रतिया गंझू, इरफान खान, रमेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कामगार उपस्थित थे।

# लापुंग में रथयात्रा की तैयारी शुरू, मंत्री ने किया सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

लापुंग। लापुंग प्रखंड में इस बार रथयात्रा के लिए सुदामा महली के प्रयासों के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने रथ निर्माण कार्य के लिए पहल शुरू कर दी है। रथ के पहिया के निर्माण कार्य के लिए मंत्री की ओर से बीस हजार रुपए अग्रिम का भुगतान किया गया। रथ को भव्य एवं विशाल बनाने के लिए सुदामा महली के प्रयासों के बाद संजय नामक रथ के पहिया निर्माण विशेषज्ञ को जिम्मेवारी सौंपी गई। लेटे के जमींदार परिवार के वंशज विजय कुमार लाल ने



संजय को बीस हजार रुपए अग्रिम भुगतान कर दिया। वहीं दूसरी ओर सुदामा महली ने बताया कि इस बार लापुंग के लेटे में रथयात्रा का आयोजन भव्य एवं विशाल तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अपना महत्वपूर्ण कदम उठाना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि लापुंग के लेटे गांव में सैकडो.वर्षों से रथयात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार लेटे में रथयात्रा के लिए ओड़िशा के जगन्नाथ पुरी से भगवान के विग्रहों को लाया गया था। तब से रथयात्रा यहां धूमधाम से आयोजित की जाती रही है। रथयात्रा के आयोजक एवं विजय कुमार लाल के छोटे भाई दुर्जय कुमार लाल ने कहा कि लेटे की रथयात्रा सम्पूर्ण लापुंग वासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला विषय है। इसमें आमूलचूल परिवर्तन लाने की जिम्मेवारी भी झारखंड सरकार की है और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की नजरें इनायत होगी तो इस वर्ष रथयात्रा में परिवर्तन जरूर दिखेगा।

### रेडिसन ब्लू रांची में कल से 31 मई तक 'अखंड बंगाल फूड फेस्टिवल'

# लाइव पियानो के साथ लें बंगाली व्यंजनों का आनंद

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची के मेन रोड स्थित प्रतिष्ठित होटल रेडिसन ब्लू में भोजन प्रेमियों के लिए एक बेहद खास उत्सव की शुरुआत होने जा रही है। होटल प्रबंधन द्वारा 22 मई 2026 से 31 मई 2026 तक चलने वाले 10 दिवसीय "अखंड बंगाल फूड फेस्टिवल" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव होटल के 'वॉटरफ्रंट' में आयोजित किया जाएगा, जहाँ शहरवासियों को बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक और प्रामाणिक पाक परंपराओं का जीवंत अनुभव मिलेगा। इस फूड फेस्टिवल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश दोनों ही क्षेत्रों की विविध और सदाबहार बंगाली पाक शैलियों को शामिल किया गया है। होटल के



विशेषज्ञ शेफ द्वारा पारंपरिक और प्रामाणिक तरीके से तैयार किए गए क्षेत्रीय व्यंजन मेहमानों के लिए परोसे जाएंगे।

**मेन्यू में शामिल मुख्य आकर्षण:**
शोरषे इलिशः सरसों की तीखी और जायकेदार ग्रेवी में पकाई गई प्रसिद्ध हिल्सा मछली।
**कोशा मंगशो:** बंगाली शैली में तैयार की गई गाढ़ी और मसालेदार मटन करी।
**चिंगरी मलाई करी:** नारियल के दूध की मखमली ग्रेवी में पके हुए स्वादिष्ट झींगे।
**लुची के साथ आलूरदम:** फूली हुई गर्म लुचियाँ और दम आलू।
भापा पटुरीः सरसों के पेस्ट के साथ केले के पत्ते में लपेटकर भाप में पकाई गई पारंपरिक मछली।
**मीठे के शौकीनों के लिए:** बंगाली संस्कृति की पहचान— मिष्टी दोई, रसगुल्ला और संदेश।

प्रबंधन के अनुसार, बंगाली भोजन केवल स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वहाँ की संस्कृति, साहित्य और त्योहारों से गहराई से जुड़ा है। इसे तैयार करने में मुख्य रूप से सरसों तेल, पंचफोरन (पाँच मसालों का विशेष मिश्रण), खसखस, नारियल और ताज़ी नदी की मछलियों का उपयोग किया जाता है।

**रोजाना डिनर सेवा के साथ संडे को ब्रंच भी**

यह फेस्टिवल पूरे सप्ताह सिर्फ डिनर सेवा के दौरान उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा, रविवार को आने वाले मेहमानों के लिए एक विशेष संडे ब्रंच का भी आयोजन किया जाएगा। माहौल को और अधिक खुशनुमा और यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर लाइव पियानो प्रस्तुति भी होगी।

# सुकुरहुटू में सामाजिक सद्भाव की मिसाल, मंडा पूजा पर भोक्ता-श्रद्धालुओं में बांटे 600 फ्रूट किट

**नवीन मेल संवाददाता**

**पिठोरिया।** बुधवार देर रात्रि को पारंपरिक आस्था एवं सामाजिक सद्भाव के प्रतीक मंडा पूजा (फूलखुंदी कार्यक्रम) के अवसर पर सुकुरहुटू गाँव में एनएफसी रेस्टुरेंट होटल के संचालक एवं समाजसेवी मो० महताब आलम के सौजन्य से भव्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोक्ता- सोक्ताईन के बीच लगभग 600 फ्रूट किट का वितरण किया गया। मौके पर मोहम्मद महताब आलम ने कहा कि, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूजा में शामिल श्रद्धालुओं एवं भोक्ता- सोक्ताईन भाई-बहनों की सेवा करना तथा समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सामाजिक एकता को मजबूत करना हैं। सुकुरहुटू गाँव ने एक बार फिर यह साबित किया कि यहाँ सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे की परंपराओं एवं आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस सेवा शिविर को सफल बनाने में गाँव के कई गणमान्य लोगों एवं समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनमें प्रमुख रूप से गाँव के मुखिया राम लखन मुंडा, मुखिया अनिता मुंडा, मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, उप प्रमुख अंजय बैठा, समाजसेवी एवं शिक्षाविद दिलेश्वर महतो, भाकपा-माले नेता रेहान अंसारी, मजीद अंसारी, प्रभात भूषण, उमेश साहू, सतीश महतो एवं आकिब मंसूरी सहित अन्य ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

**खेल-कूद**

### डीएवी स्कूल में समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने मचाया धमाल, प्राचार्य ने कहा

# बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय समर कैंप का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य कैलाश कुमार , सचिव श्रवण कुमार और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया जिसके बाद छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। समारोह के पहले दिन स्कूल के मैदान में बॉली-बॉल, खोखो, बलून रेस, हिट द विकेट, मैथ रनिंग फ्रॉग रेस, होल्ड-बैलून रेस, चम्मच



रेस, बिस्किट रेस, सेक रेस सहित विविध खेलों का आयोजन किया गया। खेलकूद के साथ-साथ बच्चों ने टीम वर्क और खेल भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों ने भी तालियों से उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारना और शैक्षिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, बौद्धिक व कलात्मक विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि आगामी दो दिनों में पेंटिंग, डांस, क्विज और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएँ हाउस वाइज आयोजित की जाएँगी, जिनमें हर छात्र सक्रिय रूप से भाग ले सकता है।

प्रतियोगिताओं के प्रथम दिन के समापन पर स्कोर तालिका में ब्लू हाउस ने 75 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्रीन हाउस भी 75 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि रेड और येलो हाउस ने क्रमशः 25-25 अंकों के साथ तीसरा स्थान साझा किया। स्कूल प्रशासन ने कहा कि सभी प्रतियोगिताओं का निर्वाचन निष्पक्ष रूप से किया गया और हर छात्र का उत्साह सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकाय सदस्यों, कोचों व संगठकीय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

समापन पर निदेशक ने सभी प्रतिभागियों और सपोर्ट स्टाफ को धन्यवाद दिया और छात्रों को आगे के कार्यक्रमों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समर कैंप को सफल बनाने में संदीप सिंह, दिनेश कुमार, रियांशु पांडेय, जयन्तो कुमार, रवि कुमार, अभिजीत कुमार, अमित कुमार, विजय कुमार महतो, रंजन कुमार, रिया देवघरिया, ओम प्रकाश कुमार, प्रियंका सिंह, हंसिका प्रधान, सविता, रत्ना लाल, रागिनी बडाईक, सिया केशरी, भारती सोनी, अमित कुमार सिंह, विरेंद्र कुमार, फातिमा एक्का सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दृष्टिपात

### उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल में समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने डांस और मैजिक शो का उठाया आनंद



**खलारी।** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में गुरुवार से कक्षा एक से कक्षा छह तक के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत से हुई। इसके बाद विद्यालय की प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुएल, मुकेशकुमार सिंह, अम्बुज कर्मकार, मैडम रोजालिया, मैडम अल्बीना तथा विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समर कैंप का विधिवत उद्घाटन किया। समर कैंप के प्रथम दिन की शुरुआत जुंबा डांस से की गई, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगीत की धुन पर सभी ने उत्साहपूर्वक जुंबा डांस किया। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन के लिए पपेट शो, बेस्ट ड्रामेबाज एवं मैजिक शो का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए पूल पार्टी की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा कक्षा एक से छह तक के पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित थे।

### केजीबीवी सिल्ली में तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न, छात्राओं में दिखा उत्साह



**सिल्ली।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिल्ली में 19 मई से प्रारंभ हुए तीन दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।कैंप के दौरान छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।समर कैंप में छात्राओं को योग, मार्शल आर्ट, डांस, पेंटिंग, रेन डांस, पोस्टर निर्माण, मेहंदी एवं रंगोली जैसी अनेक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला।इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं की रचनात्मकता और आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिली।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, सहयोग की भावना तथा मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलता है। कैंप के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई-नई चीजें सीखने में रुचि दिखाई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की गई तथा उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### डीआरएम से मिला प्रतिनिधिमंडल, रेलवे पास की मांग उठाई गई



रांची। लहू बोलेगा रक्तदान संगठन और झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल रांची रेलवे मंडल के डीआरएम केएन सिंह से मिला। यह मुलाकात हटिया स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने रक्त विकार रोग थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, अप्लास्टिक एनीमिया और हीमोफीलिया जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए भारतीय रेलवे रियायती पास निर्गत करने की मांग की। उनका कहना था कि दिव्यांगता कानून के तहत स्थायी श्रेणी में आने के बावजूद वर्तमान में रेलवे पास की सुविधा नहीं मिल रही है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से रेलवे पास बनाने की सुविधा सुनिश्चित करने की भी मांग रखी, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। संगठन ने हटिया/रांची रेलवे मंडल में रक्तदान शिविरों के आयोजन, तथा पीड़ित बच्चों के लिए पेंटिंग, नाटक और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के साथ चिकित्सा सहायता बढ़ाने की भी अपील की। डीआरएम केएन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कुछ विषयों को रेलवे बोर्ड स्तर पर भेजने की बात भी कही। प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान, संजय टोप्पो, सुजाता कुमारी, विमला कच्छप, संगीता कुमारी, शांति देवी, सुमित्रा देवी और केशमति देवी शामिल थे।

### प्रदेश कांग्रेस 24 को मनाएगी 'शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस'

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 24 मई को राज्य क़े सभी जिला मुख्यालयों में "शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस" कार्यक्रम आहूत की जा रही है प्रदेश कांग्रेस क़े मिडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह पहल संगठन को और अधिक मजबूत, जवाबदेह एवं कार्यकर्ताओं के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है ताकि जिला एबं प्रदेश स्तर पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम कांग्रेसजन अपनी व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व संबंधी शिकायतों को लिखित रूप में देंगे तथा उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस का मानना है कि किसी भी राजनीतिक संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। पार्टी ने हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान, संवाद और सहभागिता को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि जिला कांग्रेस कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिकायतों का लिखित रूप में संग्रह किया जाएगा और उन्हें प्रदेश कार्यालय भेजकर निष्पक्ष समन्वित कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों को निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं तक पहुंचाई जाए ताकि हर कार्यकर्ता अपनी बात संगठन के समक्ष रख सके। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया है कि संगठनात्मक अनुशासन, आपसी संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा बैठक

# पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण इकाई है : उपायुक्त

- डीसी ने कहा-पंचायत भवनों का सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना आवश्यक है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पंचायत भवनों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा पंचायत भवनों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हो रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी पंचायत भवनों में पानी रिसाव, भवनों की क्षतिग्रस्त स्थिति, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण इकाई है तथा आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ यहीं से उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में पंचायत भवनों का सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। उपायुक्त ने सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से पंचायत भवनों का स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान भवनों में आवश्यक मरम्मती एवं विकास कार्यों का आकलन करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर आगामी बुधवार तक जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा गया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत भवनों में चिन्हित कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्रशासनिक एवं विकासात्मक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही पंचायत भवनों को बेहतर एवं सुविधायुक्त बनाने की दिशा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

### कारीगरों के सशक्तिकरण को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

## हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश



**हजारीबाग/बरही।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड तथा हैंडीक्राफ्ट आर्टिजनों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के जूट, सोहराई कला, सिलाई-कढ़ाई, बांस, काष्ठ एवं टेराकोटा कला से जुड़े लगभग 2000 कारीगरों की गतिविधियों एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कारीगरों के लिए आर्टिजन कार्ड निर्माण में तेजी लाने, पीएम विश्वकर्मा योजना से अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय कला एवं हस्तशिल्प झारखंड की सांस्कृतिक पहचान हैं और इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उपायुक्त ने क्राफ्ट सेंटर एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षण, विपणन एवं आधुनिक संसाधनों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में उद्योग विभाग के पदाधिकारी, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रतिनिधि एवं विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े आर्टिजन उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### सारूबेड़ा स्थित सीसीएल की बंद पड़ी खदान में डूबने से युवक की मौत

**रामगढ़ ।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत सारूबेड़ा स्थित सीसीएल की बंद पड़ी खदान में डूबने से लईयो निवासी शिवम कुमार मिश्रा (27) की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक शिवम बुधवार दोपहर करीब तीन बजे से अपने घर से लापता था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। मृतक के पिता सीसीएलकर्मी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि उनका पुत्र शिवम कुमार मिश्रा बसंतपुर केबीपी परियोजना में कार्यरत था। इधर एक सप्ताह से डयूटी नहीं जा रहा था। वह बुधवार दोपहर को घर से गायब था। सारूबेड़ा के बंद पड़ी खदान में उसे मृत अवस्था में पाया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक नशा का आदि था। वह दोपहर को अपने घर से बाइक से खदान के पास पहुंचा और बाइक पर कपड़ा उताकर रख दिया। बाइक पर ही वह अपना मोबाइल रखकर खदान में नहाने गया था। परिजन को बाइक पर उसका कपड़ा व मोबाइल मिला। घटना की सूचना मिलते ही वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज



**बरही ।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बरही थाना परिसर में आज संध्या 4:30 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने दी । थाना प्रभारी ने बताया कि बैठक में बकरीद पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, आपसी समन्वय एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, धर्मगुरुओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में प्रशासन के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### खो-खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट के भैयाओं ने जीता सिल्वर मेडल




**रामगढ़।** विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित 37वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता(खो-खो)बाल वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी बोकारो में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट के 13 भैया शारीरिक आचार्य श्लेष कुमार के नेतृत्व में सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में विद्यालय की खो-खो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। आज विद्यालय की वंदना सभा में प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा विजेता टीम को सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करता है तथा निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त होती है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने सभी विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है।

### 6 माह पूर्व बनाई गई सड़क का टूटना प्रारंभ, गुणवत्ता पर उठे सवाल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेचकपी से लेकर चौथा तक 9 किलोमीटर की सड़क छः माह पूर्व सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाई गई । सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी ।यह सड़क चौथा क्षेत्र में जहां तहां से टूट जाने के कारण ग्रामीणों ने ठेकेदार एवं सड़क विभाग के प्रति अनियमिता बरतने का आरोप लगाया ।विदित हो सड़क निर्माण के समय ही कई जगह रोड के बीच में दरार आ गई थी जिसकी सूचना मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव एवं ग्रामीणों द्वारा विभाग को लिखित दिया था ।लेकिन उस पर किसी प्रकार का कार्रवाई न करके सड़क को जैसे तैसे बनाया गया। इस निमित्त डेगलाल साव ने बताया कि 6 माह में ही सड़क टूटना चालू हो गया ।इसका जिम्मेवार कौन? कहा सड़क की लंबाई लगभग 9 किलोमीटर है और इसी तरह रोड कई जगह और टूटने के कगार पर हैं। कई जगह गार्डवाल नहीं होने से इस बरसात में रोड ओर टूटेगा ।कहा हम लोग विभाग को जानकारी दिए थे लेकिन हम लोग को केवल आश्वासन मिला कि हम लोग सब बनाकर जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस ठेकेदार पर उचित कानूनी कार्रवाई किया जाए ।ताकि गलत सड़क और कहीं बनाने का प्रयास न करे। उन्होंने सड़क को जल्द से जल्द बनाने का आग्रह किया ताकि आने वाला बरसात में किसी प्रकार से आवागमन में दिक्कत ना हो।

### भाकपा-माले डाड़ी प्रखंड कमेटी की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**गिद्दी।** भाकपा-माले डाड़ी प्रखंड कमेटी सदस्यों की बैठक गुरुवार को वाशरी कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा-माले जिला सचिव पच्चू राणा ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 का सदस्यता नवीकरण, नई भर्ती अभियान जल्द से जल्द पूरा करने, प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में लोकल, ब्रांच कमेटी का संचालन करने, डाड़ी प्रखंड अंतर्गत सभी ब्रांच के सचिवों की बैठक 1 जून को वाशरी कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में करने, पीडीएस दुकानों में राशन कटौती पर रोक लगाने, खपिया में अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने, नया मोड़ से गिद्दी तक सड़क निर्माण और गिद्दी दामोदर पुल निर्माण की मांग को लेकर डांडी प्रखंड में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी तैयारी को लेकर 1 जून को प्रखंड समिति की बैठक करने का निर्णय लिया गया ।बैठक में भाकपा-माले केंद्रीय सदस्य आरडी मांझी, राज्य सदस्य राजेंद्र गोप, जिला सचिव पच्चू राणा, प्रखंड सचिव अशोक गुप्ता, जिला सदस्य सुंदरलाल बेदिया, शइद अंसारी, मनीष यादव, सुरेश बेदिया, सोहराय किस्कू, रामू सिंह, देवनारायण गोप, मझला मांझी, इस्लाम अंसारी, अमृत राणा, उमेश राम, मदन राम, शंभू सिंह, रस्का हेंब्रम, विनोद कुमार, कालेश्वर रजवार, तुलसीदास मांझी, तूफानी राम, गोविंद राम, अजीत प्रजापति, चमन गंझू, हकीम अंसारी, आजाद अंसारी, कैलाश महतो, धनंजय सिंह उपस्थित थे।

## अवैध मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**रामगढ़।** गुरुवार को सुबह नालंदा नर्सिंग होम स्कूल के सामने पतरातु रेलवे स्टेशन जाने वाली पीसीसी सडक के पास पतरातु थाना गश्ती में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुअनि शिवलाल कुमार गुप्ता द्वारा साथ के सशस्त्र बल के साथ एंटी काईम चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में एक हीरो होंडा स्पलेंडर मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन से रेलवे फाटक के तरफ आ रहे थे जिन्हें रोककर पूछताछ करने पर वे दोनो अपना नाम विक्की कुमार सिंह, उम्र 25 वर्ष, पे० प्रदीप सिंह, ग्राम उचरिंगा गंझू टोला, थना-पतरातु, जिला-रामगढ एवं पीछे बैठा व्यक्ति दीपक सिंह, उम्र 27 वर्ष, पिता-शिवनारायण सिंह, सा०- उचरिंगा गंझू टोला, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ बताया। पीछे बैठे व्यक्ति के हाव भाव से मादक पदार्थ सेवन करने जैसा प्रतीत हुआ। तत्पश्चात् दोनों की विधिवत् तलाशी ली गयी। तलाशी के कम में दीपक सिंह के जिन्स पैंट से 9.57 ग्राम ब्राउन शुगर (हिरोईन) पाया गया। जिसे एल्युमिनियम फ्वाईल में लपेट कर तौलने पर 10.19 ग्राम हुआ। दोनों व्यक्तियों से ब्राउन शुगर (हेरोइन) के संबंध में पुछे जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया। तत्पश्चात् उक्त दोनों व्यक्ति को विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

### तीन दिवसीय समर कैंप का बच्चों ने खूब उठाया लुत्फ

## बच्चों ने मिट्टी के खिलौने बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** जिला प्रशासन के आदेशानुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के छात्र-छात्राओं ने तीन दिवसीय समर कैंप में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना और उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना था। समर कैंप का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में हुआ। समर कैंप में बच्चों ने खेलकूद के साथ साथ चित्रांकन, नृत्य संगीत, कहानी, लेखन, भाषण के अलावे मिट्टी के खिलौने बनाकर उसमें अपनी कला का विशेष प्रदर्शन किया। जब मिट्टी के खिलौने में गणेश की मूर्ति, मां दुर्गा की मूर्ति भारत माता आदि बनाकर बच्चों ने शिक्षकों और अभिभावकों के दिल को मोह लिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए ढेर सारे पुरस्कार बटोर लिया।

इस अवसर पर शिक्षकों के मार्गदर्शन पर नई-नई चीजों को सीखने के साथ-साथ उनका मार्गदर्शन भी पाया और जिससे छात्रों के प्रति एतविश्वास बड़ा ऐसे आयोजनों को पहली बार तीन दिवसीय प्रकार छात्र-छात्र शिक्षकों के काफी करीब दिखे वैसे छात्र जो पढ़ने में बहुत कमजोर रहा करते थे। वह शिक्षकों से बहुत नजदीक हुए और अपनी कला का प्रदर्शन कर अपने आप को पुरस्कार पाकर वह गौरवान्वित महसूस किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद देते हुए ग्रीष्म अवकाश की घोषणा की । अवकाश की घोषणा होते ही छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ कश्यप ने कहा कि आपको ग्रीष्म अवकाश जरूर मिल रहा है लेकिन इस ग्रीष्म अवकाश को एक-एक दिन एक-एक पल का उपयोग अपने घरों में करके सभी विषयों का पठन-पाठन विशेष रूप से करेंगे।

### पुलिस उप महानिरीक्षक ने मांडू थाना का किया निरीक्षण

**मांडू।** हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआइजी अंजनी कुमार झा ने गुरुवार को मांडू थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान रामगढ़ जिला पुलिस ने थाना परिसर में पुलिस उप महानिरीक्षक को गार्ड आफ़ ऑनर दिया। जिसके बाद उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और लंबित कांडों की गहन समीक्षा की।साथ ही निर्देश दिया कि सभी मामलों की फाइलें समय पर अपडेट रखी जाएं और अनुसंधान कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुसंधान की गुणवत्ता और समयबद्ध कार्रवाई से ही आम जनता का पुलिस पर विश्वास मजबूत होता है। इस दौरान डीआईजी ने थाना क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर

**रामगढ़।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रामगढ़ के सुभाष चौक पर झारखंड सेवा समिति और पर्वतरोही टीम के संयुक्त तत्वावधान में, यातायात पुलिस के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सख्त सलाह दी गई। जिससे लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। मौके पर यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से वाहन चालकों को जागरूक करने में काफी मदद मिलती है। वहीं, एमवीआई मृणाल ने भी इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इस तरह के प्रयास बेहद जरूरी हैं।

### विदाई के पल : स्नेह व विश्वास से अभिभूत हुए एसडीपीओ

## जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों व आम लोगों ने दी भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** निवर्तमान एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को आर के इंटरनेशनल होटल में बरही थाना द्वारा आयोजित समारोह में पुलिस प्रशासन एवं बरहीवासियों की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों एवं आम लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में कई महत्वपूर्ण मामलों का सफल उद्भेदन कर पुलिस प्रशासन की मजबूत छवि स्थापित की। लोगों ने कहा कि एसडीपीओ बिमल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जोखिम उठाकर बरही ज्वेलरी लूटकांड, बैंक लूटकांड सहित कई संगीन मामलों का त्वरित उद्भेदन किया तथा अपराधियों को जेल भेजने में अहम भूमिका निभाई। अनुमंडल को नशामुक्त एवं भयमुक्त बनाने के लिए चलाए गए अभियान, डायन बिसाही जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम तथा अफीम तस्करों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी लोगों ने सराहना की।

**"बरही चौक और यहां के लोगों का स्नेह कभी नहीं भूल पाऊंगा" : अजीत कुमार बिमल**

विदाई समारोह में भावुक दिखे एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा, "मैं जहां भी रहूंगा, बरही चौक और यहां के लोगों का स्नेह, विश्वास और अपनापन कभी नहीं भूल पाऊंगा। आप सभी के सहयोग ने मुझे हमेशा बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी है।" समारोह में उन्हें शॉल, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने "चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना" गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन बरकट्ठा इंस्पेक्टर इमदाद ने किया, जबकि आयोजन बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बिनोद कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत बरही ज्वेलरी लूटकांड एवं बैंक लूटकांड के सफल उद्भेदन में योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ हुई।

## उपायुक्त ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय पतरातू का निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय, पतरातू का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति, राजस्व कार्यों की प्रगति तथा आमजनों को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न शाखाओं का अवलोकन करते हुए दाखिल-खारिज, लगान, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र निर्गमन सहित अन्य राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कर्मियों से लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कार्यालय में आने वाले आमजनों से भी संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कार्यालय में कार्य संस्कृति को और बेहतर बनाने, डिजिटल सेवाओं के प्रभावी उपयोग तथा रिकॉर्ड्स के अद्यतन संधारण पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में तेजी लाई जाए ताकि आम जनता को त्वरित लाभ मिल सके।

### भव्य जलयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ

## महायज्ञ केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज के कल्याण का माध्यम होता है : विधायक

- 29 मई को होगा समापन, 28 मई को जागरण व प्रतिदिन होगा प्रवचन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** गौरियाकरमा पंचायत स्थित गौरिया देवी मंडप परिसर में गुरुवार से नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य जलयात्रा एवं कलश स्थापना के साथ हुआ। यज्ञाचार्य अमित कुमार उपाध्याय के निर्देशन में महायज्ञ समिति द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने महिलाओं के बीच पवित्र कलश वितरित किया। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, मुखिया कुमारी मीरा, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, राजन ओम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महायज्ञ समिति की ओर से अतिथियों को भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से बराकर नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र जल कलश में भरा। गगनभेदी जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालु पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। महायज्ञ समिति के अनुसार 29 मई को भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा। 28 मई की रात भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा, जबकि प्रतिदिन प्रसिद्ध कथावाचक अखिलेश किशोरी जी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन किया जाएगा। महायज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए मीना बाजार, मेला एवं विभिन्न झूले भी लगाए गए हैं।

इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि महायज्ञ केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज के कल्याण का माध्यम होता है। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से महायज्ञ में शामिल होकर धार्मिक लाभ लेने की अपील की।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**पतरातू।** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को पतरातू स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय परिसर, छात्रावास, कंप्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत किए जा रहे शैक्षणिक नवाचारों एवं छात्राओं के कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या, उपलब्ध सुविधाओं एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।जिसके बाद रामगढ़ उपायुक्त ने छात्राओं को नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय के इको क्लब द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन कर छात्राओं द्वारा पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है। बच्चों में इसके प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने तथा खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संबंधित विभागीय अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य उपस्थित थे।

## महाविभूति कलश का 28वां स्थापना दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया



**सिमडेगा।** श्रीसर्वेश्वरी समूह आश्रम, सिमडेगा में गुरुवार को महाविभूति कलश का 28वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जनकल्याण के कार्यों में पिछले 63 वर्षों से समर्पित आश्रम परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।समारोह की शुरुआत सुबह साढ़े आठ बजे विधिवत समाधि पूजन के साथ हुई। आश्रम के महंत उपेंद्र नाथ शाहदेव ने महाविभूति स्थल पर अवधूत भगवान राम तथा महाविभूति कलश स्थल पर स्थापित शिवलिंग का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के बीच भव्य आरती संपन्न हुई, जिससे पूरा आश्रम भक्तिमय वातावरण में डूब गया।आरती के उपरांत शाही बाबा द्वारा "आघोरान्ना परो मंत्रो, नास्ति तत्वं गुरोः परम्" महामंत्र का उच्चारण करते हुए 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। अखंड कीर्तन में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल होकर भजन-कीर्तन में भाग ले रहे हैं। यह अखंड कीर्तन शुक्रवार सुबह नौ बजे पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा।आश्रम से जुड़े सुनील सहाय ने बताया कि सिमडेगा में श्रीसर्वेश्वरी समूह आश्रम की स्थापना वर्ष 1963 में हुई थी, जबकि महाविभूति कलश की स्थापना 21 मई 1998 को की गई थी।

### उकौली पंचायत भवन में अनुमंडल बनाओ मंच की बैठक

# बानो को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग

नवीन मेल संवाददाता





**बानो ।** प्रखंड के उकौली पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को अनुमंडल बनाओ मंच,बानो की ओर से सहायता कूपन वितरण कार्यक्रम एवं ग्राम प्रधानों के साथ विचार-विमर्श बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता बानो जिला परिषद सदस्य सह बानो अनुमंडल बनाओ मंच के अध्यक्ष बिरजो कंडुलना ने की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और मंच के आंदोलन को समर्थन देने की बात कही।कार्यक्रम में बानो जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य एवं अनुमंडल बनाओ मंच के अध्यक्ष बिरजो कंडुलना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के दौरान पंचायत एवं क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, विकास कार्यों और बानो को अनुमंडल बनाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई।वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास, प्रशासनिक सुविधा तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बानो को अनुमंडल का दर्जा मिलना जरूरी है।इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष बिरजो कंडुलना ने कहा कि अनुमंडल गठन की मांग क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग है और इसके लिए जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आंदोलन को मजबूत करने की अपील की।बैठक में मंच के उपाध्यक्ष मो. रफीक अंसारी, चुडामणि यादव, बालमुकुंद सिंह सहित पंचायत के सभी ग्राम प्रधान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन क्षेत्र की एकजुटता बनाए रखने एवं अनुमंडल निर्माण आंदोलन को और मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

## बानो प्रखंड में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**बानो।** प्रखंड में कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आश्रिता लोमगा ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अजित कुंडलना, मो. इमरान, पूसा लोमगा, पंचायत अध्यक्ष सुशील, निरल कुंडलना, माद्रा कंडुलना एवं सनिका लोमगा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभा में वक्ताओं ने राजीव गांधी के आधुनिक भारत निर्माण, डिजिटल क्रांति तथा पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया।

## पैतानो स्कूल में माहवारी स्वच्छता की नई पहल, छात्राओं के बीच बांटे गए निशुल्क सैनिटरी पैड



**जलडेगा।** प्रखंड की आकांक्षा कुमारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पैतानो में छात्राओं के बीच निशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया। आकांक्षा कुमारी ने कहा कि माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता की कमी के कारण कई छात्राएं पढ़ाई से प्रभावित होती हैं। लीड्स संस्था के सहयोग से वे अब तक राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सीलिंगा, हुटुबदा, मामा भगिना, खरवागढ़ा सहित अन्य स्कूलों में भी निशुल्क पैड वितरण कर चुकी हैं। लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर स्कूल में "पैड बैंक" की व्यवस्था सुनिश्चित करना है, ताकि जरूरतमंद छात्राओं को आसानी से सैनिटरी पैड उपलब्ध हो सके। इस पहल में संस्था की जूही कुमारी, ललिता कंडुलना और कलिंद्र प्रधान का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मंडल कारा का हाईकोर्ट के निर्देश पर औचक निरीक्षण, पीडीजे ने चखा बंदियों का भोजन





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर गुरुवार को मंडल कारा में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने किया। उनके साथ डालसा सचिव मरियम हेमरोम,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,डिप्टी एलएडीसीएस बृखभान अग्रवाल,असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने जेल के वार्ड,रसोईघर,भोजनालय तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गहन जांच की। इस दौरान पीडीजे ने स्वयं बंदियों के लिए तैयार भोजन का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता परखी,जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। भोजनालय की साफ-सफाई और खाद्य सामग्री के भंडारण की भी बारीकी से जांच की गई। टीम ने वार्डों में जाकर बंदियों के रहने की व्यवस्था,साफ-सफाई,रोशनी,पेयजल एवं शौचालय की स्थिति का जायजा लिया। बंदियों के सामान की जांच में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उन्हें उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर पीडीजे ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए,ताकि उन्हें समय पर समुचित इलाज मिल सके। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था,सीसीटीवी निगरानी एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली की भी समीक्षा की गई।

## बकरीद को लेकर सिमडेगा का बकरी बाजार गुलजार

**सिमडेगा।** बकरीद पर्व को लेकर सिमडेगा का बकरी बाजार पूरी तरह सज चुका है। जिले के विभिन्न साप्ताहिक हाट एवं बाजारों में खस्सी और बकरों की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को सिमडेगा में लगे बकरी बाजार में छोटे से लेकर बड़े आकार तक के खस्सी बिक्री के लिए लाए गए, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही।बाजार में खस्सियों की कीमत 15 हजार रुपये से शुरू होकर 50 हजार रुपये तक पहुंच रही है। व्यापारी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूसरे जिलों से भी अच्छी नस्ल के बकरे लेकर पहुंचे हैं। कारोबारियों के अनुसार इस बार वजनदार और आकर्षक नस्ल के खस्सियों की मांग अधिक देखी जा रही है।खरीदार अपनी पसंद और बजट के अनुसार मोलभाव कर खरीदारी कर रहे हैं। कई लोग पहले से ही बकरीद की तैयारी में जुट गए हैं, जिससे बाजार में रौनक लगातार बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि पर्व नजदीक आते-आते बिक्री और तेज होने की उम्मीद है।

# पटातिरील गांव में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने उपलब्ध कराया ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता



**बानो/सिमडेगा।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के त्वरित पहल और सराहनीय प्रयास से जमतई पंचायत अंतर्गत पटातिरील गांव में नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप थी, जिससे भीषण गर्मी के बीच पेयजल, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे थे।ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए विधायक सुदीप गुड़िया को आवेदन सौंपकर खराब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की थी। जमतई मुखिया नामजन जोजो ने भी ग्रामीणों के हित में नए ट्रांसफार्मर की अनुशंसा की। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने बिजली विभाग से संपर्क कर नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया।नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन,जमतई मुखिया नामजन जोजो, ग्राम सभा अध्यक्ष जुनल जोजो, झामुमो पंचायत अध्यक्ष जोलेन जोजो तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता अशरफ खान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन ने कहा कि विधायक के प्रयास से क्षेत्र के खराब ट्रांसफार्मरों को लगातार बदला जा रहा है और बिजली विहीन गांवों तक बिजली पहुंचाने का कार्य जारी है।

# लचरागढ़ में जेसीबी से दुकान को तोड़ा, लाखों का नुकसान

नवीन मेल संवाददाता





**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के लचरागढ़ में जमीन विवाद में गांव के एक व्यक्ति ने ओहदार इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान को जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया।घटना में ओहदार इलेक्ट्रॉनिक्स का दुकान के अंदर में रखा इलेक्ट्रिक सामान क्षतिग्रस्त हो गया जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया।जमीन विवाद में लचरागढ़ में ओहदार इलेक्ट्रॉनिक दुकान के एक हिस्से को एक पक्ष के द्वारा धंसाया गया,कई समान क्षतिग्रस्त,मामला जमीन विवाद से संबंधित बताया जा रहा है,मालूम हो की क्षतिग्रस्त किए गए दुकान की जमीन पर दोनों पक्ष न्यायालय में अपना-अपना दावा पेश किए हुए हैं,कई वर्षों से मामला न्यायालय में चल रहा है.इस संबंध में दुकान मालिक शशि ओहदार ने दूसरे पक्ष के अनिल कुमार साहू के ऊपर थाना में आवेदन देकर जेसीबी से दुकान क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार अहले सुबह लगभग 03:30 बजे एक जेसीबी मशीन के माध्यम से ओहदार इलेक्ट्रॉनिक्स के अतिरिक्त दुकान को तोड़फोड़ किया जा रहा था,आवाज सुनकर दुकान मालिक शशि ओहदार जाग गया तथा उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को दी साथ ही घटना की सूचना लचरागढ़ टीओपी और कोलेबिरा थाना को दी।घटना के बाद हो हल्ला करने पर जेसीबी वहां से भागने लगा तत्पश्चात पुलिस के साथ दुकान मालिक और ग्रामीण जेसीबी का पीछा करने लगे फिर जेसीबी को पकड़ लिया।इधर कोलेबिरा पुलिस ने जेसीबी को जप्त कर लिया तथा ड्राइवर को भी अपने साथ थाना ले गई। बताया जाता है दोनों पक्षों में कई वर्षों से जमीन विवाद है तथा मामला न्यायालय में चल रहा है।गुरुवार सुबह अतिरिक्त दुकान में जेसीबी चलाया गया जिससे सामान क्षतिग्रस्त हो गया और लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

# मंडल कारा में मुलाकात लीगल एड हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड हाईकोर्ट के निर्देशानुसार गुरुवार को मंडल कारा में मुलाकात लीगल एड हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि जेल में बंद विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियों को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराना न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुलाकात लीगल एड हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों एवं उनके परिजनों को निःशुल्क कानूनी सहायता,न्यायालयीन प्रक्रिया,अपील,जमानत एवं अन्य विधिक अधिकारों से संबंधित जानकारी सरलता से उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों तक न्याय पहुंचाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार कार्य कर रहा है। डालसा सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि हेल्प डेस्क का उद्देश्य बंदियों और उनके परिजनों के बीच कानूनी जानकारी की कमी को दूर करना है। उन्होंने बताया कि कई बंदियों को अपने मामलों की अद्यतन स्थिति,कानूनी प्रक्रियाओं तथा उपलब्ध सहायता योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती है। ऐसे में यह हेल्प डेस्क उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करेगा। अधिकारियों ने कारा प्रशासन को बंदियों के अधिकारों एवं सुविधाओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर कारा अधीक्षक,जेल प्रशासन के अधिकारी,डालसा से जुड़े अधिवक्ता,पारा लीगल वोलेंटियर एवं कर्मी सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### बरबेड़ा में जीईएल चर्च लचरागढ़ पास्टोरेट युवा संघ का दो दिवसीय सम्मेलन 24 मई से

बानोः- प्रखंड के बरबेड़ा में जीईएल चर्च लचरागढ़ पास्टोरेट युवा संघ का दो दिवसीय 6वां वार्षिक युवा संघ सम्मेलन 24 मई से आरंभ होगा।सम्मेलन को लेकर युवा संघ के सदस्यों द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।कार्यक्रम के तहत 24 मई को शाम 4 बजे सम्मेलन का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन पास्टोरेट सुलेन बागे उपस्थित रहेंगे और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।सम्मेलन में युवाओं के आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वहीं 25 मई को साक्षी वाणी गीत प्रतियोगिता, आदर्श भजन प्रतियोगिता सहित कई धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा भाग लेंगे।

### बानो प्रखंड में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



बानोः-प्रखंड में कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आश्रिता लोमगा ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अजित कुंडलना, महासचिव हर्षित संगा, अभिषेक बागे, मंडल अध्यक्ष मो. शमशेर अंसारी, मो. इमरान, पूसा लोमगा, पंचायत अध्यक्ष सुशील, निरल कुंडलना, माद्रा कंडुलना एवं सनिका लोमगा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभा में वक्ताओं ने राजीव गांधी के आधुनिक भारत निर्माण, डिजिटल क्रांति तथा पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को नई तकनीक और आधुनिक सोच से जोड़ने का कार्य किया। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।वहीं सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने देश में विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

### कोलेबिरा युवती हत्या मामले में परिजनों से मुलाकात कर भाजपा ने जताया शोक



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में युवती हत्या मामले को लेकर भाजपा नेताओं ने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया तथा परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।कोलेबिरा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुजान जोजो और प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार के नेतृत्व में पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, दिलेश्वर सिंह, जनेश्वर बिल्हौर, कृष्णा दास सहित पार्टी कार्यकर्ता मृत युवती के घर पहुंचे और परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली।इस दौरान भाजपा नेताओं ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि परिजनों को घबराने की आवश्यकता नहीं है और दोषियों को हर हाल में सजा दिलाने के लिए पार्टी हर संभव प्रयास करेगी।भाजपा नेताओं ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कराने की मांग की। साथ ही कहा कि इस जघन्य घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 25 को

**सिमडेगा।** ईद उल जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक दिनांक 25 मई को अपराह्न दो बजे समाहरणालय भवन स्थित सभागार में आयोजित होगी। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि,शांति समिति के सदस्य,प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे।बैठक में बकरीद पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था,साफ-सफाई,पेयजल,बिजली,यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित सदस्यों एवं पदाधिकारियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवश्यक सुझाव देने की अपील की है,ताकि पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

### जहरीले सांप के काटने से व्यक्ति की मौत, गांव में शोक

**सिमडेगा।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और बीच-बीच में हो रही बारिश के कारण जहरीले सांपों का खतरा बढ़ गया है। गुरुवार को ओड़गा ओपी क्षेत्र के कुटिंगया गांव में जहरीले सांप के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।मृतक की पहचान सुरेश कुला के रूप में हुई है। बताया गया कि सुरेश कुला रात में जमीन पर सोए हुए थे। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।जानकारी के अनुसार सिमडेगा के जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में गर्मी के बीच हो रही बारिश के कारण सांप अपने बिलों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए ये विषधर अक्सर लोगों के घरों में घुस जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जमीन पर सोते हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और रात में जमीन पर नहीं सोने की अपील की है।

### लाखों खर्च, फिर भी सूखी टोंटी, कुरडेग में जलमीनार बना भ्रष्टाचार का स्मारक

**कुरडेग।** प्रखण्ड के पंचायत चाड़रीमुंडा स्थित झिंगझरिया बस्ती में सरकार की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। करीब तीन साल पहले हजारों रुपये खर्च कर जलमीनार का ढांचा खड़ा किया गया, गांव में पाइपलाइन भी बिछा दी गई, लेकिन आज तक न तो टंकी लगाई गई और न ही ग्रामीणों को पानी नसीब हुआ।आज स्थिति यह है कि गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। महिलाएं और बच्चे दूर-दराज के चापाकल और कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ते ही हालात और भी बदतर हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना को अधूरा छोड़कर सरकारी राशि की बंदरबांट कर ली गई।

# राजीव गांधी के 35वें सद्भावना दिवस पर कांग्रेसजनों ने मरीजों के बीच बांटे फल, दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता







**सिमडेगा।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 35वें सद्भावना दिवस के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस जिला इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रिंस चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी और जिला कांग्रेस कमिटी की महिला जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना और उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं जल्द स्वस्थ होने की कामना की। जोसिमा ने कई बच्चों को गोद में उठाकर उन्हें दुलार भी किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि राजीव गांधी का सपना एक ऐसे भारत का था, जहां हर वर्ग को समान अवसर और बेहतर सुविधाएं मिलें। आज जरूरत है कि उनके विचारों को समाज तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्व राजीव गांधी ने आधुनिक भारत को दिशा देने का किया था कार्यः विधायक

कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की दिशा देने का कार्य किया था। सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी युवाओं की ताकत पर विश्वास करते थे और चाहते थे कि गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचे।

# कांके की पंचायतों में विकास की सौगात, उप स्वास्थ्य केंद्र से स्टेडियम तक का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**पिठोरिया।** गुरुवार को कांके प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में जिला योजना एवं विधायक मद से संचालित कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का विधिवत शिलान्यास कांके विधायक सुरेश बैठा, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, जिप सदस्य किरण देवी, सम्बंधित पंचायत के मुखिया, और पंचायत समिति सदस्य ने सयुंक्त रूप से किया. योजनाओं मे कांके दक्षिणी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य,मिल्लत कॉलोनी में पीसीसी पथ निर्माण कार्य, कांके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैब्रिकेटेड भवन निर्माण कार्य, उलातू पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य, पिठोरिया कोकदोरो पंचायत में स्टेडियम निर्माण कार्य, और मालसिरिंग में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य शामिल हैं। मौके पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि, इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना तथा आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य, सड़क एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वहीं प्रमुख सोमनाथ मुंडा और उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि, इन योजनाओं के पूर्ण होने से लोगों को स्वास्थ्य, आवागमन एवं खेल सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## झारखंड समेत देशभर में जीई एयरोस्पेस का निवेश, रोजगार को बढ़ावा

**रांची।** जीई एयरोस्पेस ने भारत में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने के लिए 100 करोड़ रुपए के नए निवेश की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार इससे उत्पादन और आधुनिक तकनीक को मजबूती मिलेगी, वहीं रोजगार और अप्रेंटिसशिप के नए अवसर भी बढ़ेंगे। जीई एयरोस्पेस के प्रबंध निदेशक विश्वजीत सिंह ने कहा कि कंपनी भारत में तकनीकी विकास और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार पर लगातार काम कर रही है। जिससे झारखंड समेत देशभर के तकनीकी युवाओं को फायदा मिलेगा। जीई एयरोस्पेस के अनुसार अब तक 5,000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इससे लड़कों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और वह अपने जीवनत में आगे बढ़ने का मौका मिलागो।

# नवपदस्थापित थाना प्रभारी का प्रभावित प्रतिरोध मंच ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**पिपरवार।** प्रभावित प्रतिरोध मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो के नेतृत्व में गुरुवार को खलारी थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। मंच के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की अपेक्षा जताई। इस दौरान प्रभावित प्रतिरोध मंच के प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी के साथ क्षेत्र के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने खलारी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने, आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। मंच के सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है। वहीं नवपदस्थापित थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा ने मंच के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा तथा क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने लोगों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। मौके पर प्रभावित प्रतिरोध मंच के संरक्षक सुनील सिंह, अशोक महतो, सोनू पांडे, राजा खान, मनोज महतो एवं बैगी महतो सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बचरा चार नंबर बस स्टैंड में ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात घायल



नवीन मेल संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित बस स्टैंड में गुरुवार को ठेला एवं गन्ना जूस मशीन लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते भीषण मारपीट में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चौक पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया तथा आसपास के लोग भयभीत हो उठे। घायलों में एक पक्ष से संतोष साव, राहुल साव, छोटी साव एवं उनके पिता उदय साव शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से विजय साव, संजय साव, कृष्णा साव सहित अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल बचरा में कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड परिसर में ठेला एवं गन्ना जूसर मशीन लगाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। गुरुवार को विवाद अचानक उग्र हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट इतनी भयंकर थी कि बीच-बचाव करने पहुंचे कई लोग भी चोटिल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पिपरवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौक पर सड़क किनारे अवैध रूप से लगने वाली दुकानों एवं बढ़ती भीड़ को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है।

# बचरा क्षेत्रीय अस्पताल की डिजिटल एक्सरे मशीन तीन माह में हुई ठप

राकेश कुमार सिंह



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के हजारों लोगों के इलाज का प्रमुख केंद्र माने जाने वाले बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से लगाई गई डिजिटल एक्सरे मशीन महज तीन माह के भीतर ही बंद हो गई है। मशीन बंद रहने से क्षेत्र के मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने इसके लिए सीसीएल के इ एंड एम विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा पुराने एक्सरे सिस्टम की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से सीसीएल प्रबंधन द्वारा जनवरी माह में बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में आधुनिक डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई गई थी। मशीन लगने के बाद अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी राहत मिली थी। डिजिटल तकनीक के कारण मरीजों की जांच तेजी से हो रही थी और डॉक्टरों को भी बीमारी की सही जानकारी मिलने में सुविधा हो रही थी। लेकिन मशीन शुरू होने के करीब तीन महीने बाद ही तकनीकी खराबी के कारण पूरी तरह बंद हो गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार डिजिटल एक्सरे मशीन कमजोर अर्थिंग की समस्या के कारण काम नहीं कर पा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में कई बार सीसीएल के इ एंड एम विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से जानकारी दी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि मशीन बंद होने से सबसे अधिक परेशानी गरीब एवं ग्रामीण मरीजों को उठानी पड़ रही है।

### बाहर जांच कराने को मजबूर मरीज

क्षेत्रीय अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। दुर्घटना, हड्डी टूटने, सीने की बीमारी एवं अन्य कई रोगों की जांच के लिए एक्सरे की आवश्यकता पड़ती है। मशीन बंद रहने के कारण मरीजों को निजी क्लीनिकों एवं शहर के अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीसीएल क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश मजदूर एवं गरीब परिवार सरकारी एवं सीसीएल अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं।


## कार्यालय:- संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग

(कार्यालय पता–'आत्मा' कैम्पस, शंकरपुर, बड़कागांव रोड, पोस्ट–प्रधान डाकघर हजारीबाग–825301)

Email ID - jrcshzb@rediffmail.com

पत्रांकः–245 / स0स0 / हजारीबाग, दिनांकः–20 / 05 / 2026

निविदा से संबंधित सूचना।

(अति अल्पकालीन निविदा)

संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में सूचना प्रसार, सेमिनार, पर्यवेक्षण, मूल्यांकण, आलेखन एवं सहकारिता प्रक्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के प्रचार–प्रसार तथा कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अंतर्गत आयोजित कार्यशाला / बैठक / महासम्मेलन आदि कार्यक्रम के आयोजन हेतु आवश्यक प्रिंटिग / स्टेशनरी / कुर्सी / टेबल / अल्पहार / भोजन तथा अन्य संबंधित सामग्रियों / सेवाओं आदि की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद एक बडे लिफाफे में निविदा दिनांकः–01.06.2026 (सोमवार) के अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

आपूर्तिकर्ता लिफाफे के अंदर Technical Bid & Financial Bid अलग–अलग लिफाफे में सीलबंद कर तथा दोनों लिफाफे पर Technical Bid / Financial Bid, निविदा आमंत्रण सूचना 01 / 2026–27 आदि लिखकर निविदा को समर्पित करना होगा।

निविदा दिनांकः–01.06.2026 (सोमवार) के अपराह्न 04:00 बजे खोली जायेगी।

(नोटः– निविदा की नियम एवं शर्ते, सामग्री अपूर्ति की सूची https://hazaribag.nic.in तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।)

PR 380418 Co-opretive(26-27).D — संयुक्त निबंधक


## निशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



रांची। ओथ एवं उत्कल कराटे स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को संस्कृति विहार, रोड नंबर-4, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में एक दिवसीय निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कराटे की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर की शुरुआत वार्मअप और बेसिक ट्रेनिंग से हुई, जिसका प्रशिक्षण सेम्पाई रवि कुमार ने दिया। इसके बाद काता प्रशिक्षण चंदन कुमार द्वारा कराया गया, जिसमें खिलाड़ियों को संतुलन, तकनीक और अनुशासन की बारीकियां सिखाई गईं। वहीं कुमिते ड्रिल एवं कुमिते बेसिक का प्रशिक्षण सेंसई संदीप लाल और सेम्पाई प्रिंस ठाकुर ने दिया।

प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को आत्मरक्षा, फिटनेस और प्रतियोगिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। पूरे दिन प्रशिक्षण स्थल पर खिलाड़ियों में उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित कुमार मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी संजीत गाड़ी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर सेम्पाई मानसी सिंह और सेम्पाई विशाखा कुमारी भी मौजूद रहीं। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि राज्य की कराटे प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके।

## रांची पुलिस की कार्रवाई, हरमू से ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित मदर टेरेसा ग्राउंड इलाके से एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक व्यक्ति बाहर से ब्राउन शुगर लाकर बिक्री कर रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के मार्गदर्शन में अंचलाधिकारी अरगोड़ा और थाना प्रभारी अरगोड़ा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मदर टेरेसा ग्राउंड, हरमू क्षेत्र में छापेमारी की, जहां से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.26 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नैतिक कुमार उर्फ मोनू के रूप में हुई है। वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर का रहने वाला बताया गया है। इस मामले में अरगोड़ा थाना कांड संख्या 1123/26 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 21/22(a)/29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

### कार्यालय आदेश

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 779 दिनांक 15.05.2026 (प्रतिलिपि संलग्न) के आलोक में झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली–2011 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधान के आलोक में सभी निजी विद्यालयों को RTE की मान्यता प्रदान करने के संबंध में झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली– 2011(यथा संशोधित) में निहित प्रावधान के आलोक में सभी निजी विद्यालयों को RTE 2009 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है।

2. झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली– 2011 की कंडिका– 12 (6) में अंकित है कि वे विद्यालय जो इस अधिनियम के प्रारंभ होने की तारीख से तीन वर्ष के भीतर उप नियम–(1) में वणिर्त मापदण्डों, मानकों एवं शर्तो के अनुरूप नहीं है, जो बंद कर दिया जाएगा।

3. विभागीय अधिसूचना संख्या 629 दिनांक 25.04.2019 द्वारा "झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली–2011" में आवश्यक संशोधन किया गया है। उक्त अधिसूचना के कतिपय प्रावधानों के विरूद्ध माननीय झारखण्ड उत्व न्यायालय में दायर Civil Review No- 88/2025 झारखण्ड प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट, हजारीबाग बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में सुनवाई के क्रम में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा उक्त नियमावली लागू से पूर्व स्थापित विद्यालयों के मान्यता पर अगले आदेश तक "Stay" लगाया गया है।

4. उक्त परिपेक्ष्य में दिनांक 25.04.2019 के पूर्व स्थापित निजी विद्यालयों को RTE की मान्यता प्राप्त करने संबंधी आवेदन पर तत्काल स्थगित रखा गया है। दिनांक 25.04.2019 के पश्चात् स्थापित जिन निजी विद्यालयों द्वारा RTE की मान्यता प्राप्त नहीं की गई है, उन विद्यालयों को मान्यता हेतु RTE Portal (https://rte-jharkhand-gov-in) पर दिनांक 01.06.2026 से दिनांक 30.08.2026 तक अनिवार्य रूप से आवेदन समर्पित करने की तिथि निर्धारित की गई है। उक्त तिथि तक आवेदन नहीं करने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध "निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की बारा–18 एवं "झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली–2011" की कंडिका–12 (6) में निहित प्रावधान के आलोक में विधिसम्मत् कार्रवाई की जाएगी।

निदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2019 के पश्चात् स्थापित जिन निजी विद्यालयों को RTE की मान्यता प्राप्त नहीं है, उन विद्यालयों को झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली–2011 (यथा संशोधित) RTE Portal (https://rte-jharkhand-gov-in) पर आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक
राँची

PR 380439 (Human Resource Development) 26-27 (D)


## लव भाटिया के निधन पर पंजाबी हिंदू बिरादरी ने जताया शोक

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी ने आशीष भाटिया के बड़े पुत्र लव भाटिया के निधन की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। वे लालपुर स्थित कावेरी रेस्टोरेंट के संचालक थे। उनके निधन को लेकर समाज के विभिन्न लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है और इसे अत्यंत स्तब्ध करने वाली एवं दुखद घटना बताया है। शोक संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा गया कि ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस शोक संदेश में सुधीर उग्गल सहित कई अन्य लोगों ने भी संवेदना व्यक्त की, जिनमें राजेश मेहरा, राजेश खन्ना, बबिता खन्ना, ज्योति चावला, विजय खन्ना और अरुण चावला शामिल हैं।

## ठगी करने वाला व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली -मुरी आसपास के क्षेत्रों में पेटीएम के सहारे ठगी करने का मामला को लेकर हिमांशु दास (22),पिता अंबुज दास,ग्राम सिद्धि,थाना जयपुर,जिला पुरुलिया निवासी को दुकानदार एवं ग्रामीणों ने पकड़ कर मुरी पुलिस के हवाले किया। जानकारी के मुताबिक उक्त व्यक्ति क्षेत्र में दुकानदारों को पेटीएम की केवाईसी करने के बहाने उनसे मोबाइल लेकर तकनीकी सहायता से लोन की राशि पेटीएम के माध्यम से दुकानदारों को डलवाता था और जब इसकी भनक दुकानदारों को उनके पेटीएम में लोन राशि की जानकारी मिलती थी तब उक्त व्यक्ति कहता था कि गलती से लोन राशि चला गया है और समझा बुझा कर लोन की राशि को वह स्वयं वापस ले लेता था और उस राशि को अपने निजी कार्य में उपयोग करता था और इधर दुकानदारों को लोन की राशि जमा करनी पड़ रही है जिससे उनका आर्थिक बोझ बढ़ने के कारण वे लोग काफी परेशान हो गए हैं।मामले को लेकर पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए पैसा वापस करने की बातें कहीं।वहीं मुरी ओ पी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने ग्रामीणों और दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि अनजान व्यक्ति और साइबर ठगो से सावधान रहें ताकि आपके साथ किसी प्रकार की ठगी ना हो सके।उन्होंने आगे कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से लेनदेन करने से बचे साथ ही अपना बैंक का ब्यौरा किसी दूसरे के साथ साझा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान पहुंच सकता है।

## रांची नगर निगम द्वारा मच्छर उन्मूलन अभियान तेज



**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर में मच्छरों के उन्मूलन के लिए नियमित रोस्टर के अनुसार दो पालियों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोल्ड फॉगिंग मशीन और थर्मल फॉगिंग मशीन के माध्यम से लार्विसाइड का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में चार-चार नैपसेक मशीनों के जरिए सकरी नालियों में भी लार्विसाइड का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। नगर निगम परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार मच्छर उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए अब प्रथम पाली में भी थर्मल फॉगिंग कराने की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसकी शुरुआत कर दी गई है। गुरुवार सुबह 5 बजे से सरना टोली, हतमा, जवाहर नगर, कुसुम बिहार, बर्धमान कंपाउंड, धुर्वा सहित कई क्षेत्रों में सघन रूप से थर्मल फॉगिंग की गई। नगर निगम ने बताया कि यह अभियान सभी वार्डों में नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि शहर को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके

## सांप काटने से किशोरी की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड अंतर्गत बासाकुटी गांव में सांप काटने से एक 14 वर्षीय किशोरी की हालत गंभीर हो गई। किशोरी की पहचान मोती कंडेयांग के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मोती कंडेयांग बुधवार रात करीब 11 बजे अपने घर में पलंग पर सो रही थी। इसी दौरान एक चिती सांप पलंग पर चढ़ गया और उसे काट लिया। घटना के बाद परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।


झारखण्ड सरकार

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

### भर्ती कैम्प-22.05.2026

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को देश–विदेश के निजी क्षेत्रों में रोजगार के सुअवसर प्राप्त करने हेतु नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय खूँटी के द्वारा दिनांकः–22 मई 2026, दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से जिला नियोजनालय परिसर, खूँटी (कचहरी मैदान के सामने) में भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। उक्त भर्ती कैम्प में अब तक निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| SN | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies Male | No. Of Vacancies Female | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 01 | EYEFORTE CARE PVT. LTD. KHUNTI | SALES EXECUTIVE | 02 | 02 | Graduation/PG | Freshers/ 2 year | 10000/- 15000/- | 25-30 | Yes | No | KHUNTI & SIMDEGA |
| | | DRIVER | 01 | 00 | Inter | 5 year | 10000/- 15000/- | 25 | Yes | No | KHUNTI |
| | | MARKETING | 01 | 00 | MBA/BBA | Driving | 25000/- 30000/- | 25-30 | Yes | No | KHUNTI & SIMDEGA |
| 02 | PANIIT ALUMNI REACH FOR JHARKHAND FOUNDATION, RANCHI | TILES MASON, PLUMBER, ELECTRICAL, PIPEFITTER | 140 | 00 | 10th & Above | Any | 30000/- INR 40000 APPROX | 18-32 | No | Yes | DUBAI |
| | | PLUMBER, CONSTRUCTION | 40 | 00 | 5TH & Above | Any | 20000/- 24000/- | 18-32 | Yes | Yes | PAN INDIA |
| | | ELECTRICAL VEHICLE DRIVING | 40 | 00 | 10th & Above | Any | 17000/- 22000/- | 18-32 | No | Yes | |
| | | FORKLIFT OPERATOR | 15 | 15 | 10th & Above | Any | 21000/- | 18-32 | Yes | Yes | |
| | | ASSEMBLY LINE OPERATOR & INDUSTRIAL SMO (GIRLS) | 00 | 40 | 8TH PASS & Above | Any | 15000/- 17000/- | 18-28 | Yes | Yes | |
| 03 | DEV AUTOMOBILE KHUNTI | SALES MEN | 02 | 00 | 10th Pass | Any | 9500/- | 18+ | No | No | KHUNTI |
| | | COMPUTER OPERATOR | 01 | 00 | 12th +ADCA | Any | 10000/- | 18+ | | | |
| | | ENGINE MACHANIC | 01 | 03 | 8th & Above | Any | 10000/- | 18+ | | | |
| 04 | CHORUS AGRO PVT. LTD. TUPUDANA | LABOUR | 15 | 00 | Any | Any | 9000+Rice & Fuel For Food Making | 18-50 | No | Yes | TUPUDANA |

इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 380415 Labour Employment and Traning (26-27)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल

# दो आधुनिक दहेज हत्याओं से सीख लेगा इंडिया?

भारत से इंडिया बनते देश में सबसे ज्यादा दिखावा शादियों में किया जाता है रील्स, डेस्टिनेशन वेडिंग्स और स्टार्टअप की धूम में दो युवा भोपाल की त्विषा शर्मा और ग्रेटर नोएडा की दीपिका नागर सदा के लिए गुम हो गईं। दोनों उन महिलाओं में से थीं, जिनपर भारत गर्व करता है। पढ़ी-लिखी, शहरी, अंग्रेजी बोलने वाली, मध्यमवर्गीय पर स्मार्ट। त्विषा ने फिल्मों में काम किया था और एमबीए कर रही थी जिनसे सोशल मीडिया रंगा हुआ है। दीपिका ग्रेटर नोएडा के के पॉश इलाके से थीं जहां पढ़ाई ही नहीं एलिट सोसाइटी थी, फिर भी दोनों की मौत हो गई। भोपाल में 31 वर्षीय त्विषा शर्मा अपनी शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुराल में मृत पाई गईं। उनके परिवार ने दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, क्योंकि त्विषा आधुनिक भारतीय नारी ऑनलाइन कंटेंट बनाने वाली और आगे पढ़ना चाहती थीं। पुलिस आधुनिक तरीकों सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप संदेशों और ससुराल में लगातार की गई क्रूरता के आरोपों की जांच कर रही है। लगभग उसी समय ग्रेटर नोएडा की 24 साल की दीपिका नागर की शादी के महज 18 महीने बाद ही, कथित तौर पर अपने ससुराल की छत से गिरने से मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि उसे दहेज के लिए पीटा गया और फिर छत से नीचे फेंक दिया गया, ताकि उसकी मौत एक दुर्घटना लगे। ऐसी सच्ची कहानियां छोटे गांवों से अब जाति-धर्म का बंधन तोड़ अशिक्षित परिवारों तक ही नहीं बड़े व्यापारिक-अधिकारियों के घरानों तक पहुंच चुकी हैं। शिक्षा या आर्थिक प्रगति के दिखावे के बावजूद दहेज प्रथा खत्म नहीं हुई, बल्कि इसने अपना रूप हाईटेक बना लिया है। इंडिया आजकल 'उम्मीदों', 'तोहफों', 'सहयोग' या 'घर बसाने' जैसे शब्दों के अंग्रेजी नामों से मांग रहा है। दूल्हे की एक बाजार कीमत तय है। जाति,खानदान से होती हुई पद के नाम पर शादी ऐसी प्रतिष्ठा का सौदा बन जाती है, जो परंपरा के भेष में छिपी होती है और महिलाएं मॉडर्न होने एवं नौकरी करने के बावजूद, विवाह के माध्यम से दूसरे परिवार में 'शर्तों पर आधारित सदस्य' के रूप में प्रवेश करती हैं। बहू के साथ ससुरालवालों का एक सिर्फ एक पीढ़ी का अंतर नहीं होता बल्कि पति से भी अलग एक अलग स्वतंत्र अपना अस्तित्व बन रहा है जिसके टकराव से इंडिया जूझ रहा है । दूसरी ओर नारी सशक्तीकरण अक्सर बनावटी साबित होता है, बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत, विदेश यात्रा करनेवाली,आत्मविश्वास से भरी बेटियों के जीवन में टकराव के बाद शादी टूटना बढ़ा है। अक्सर माता-पिता आज भी दबी जुबान में कहते हैं, 'थोड़ा और समझौता कर लो।' महिलाओं को अपनी सुरक्षा से पहले सब्र करना सिखाया जाता है। त्विषा शर्मा मामले में जो बात विशेष रूप से विचलित करने वाली है, वह केवल दहेज उत्पीड़न का आरोप नहीं है, बल्कि उस व्यक्ति की छवि है, जो कथित तौर पर उस घर का केंद्र था। कोई अशिक्षित पितृसत्तात्मक व्यक्ति नहीं। एक पढ़ी-लिखी महिला-एक पूर्व न्यायाधीश। एक सास, जो त्विषा की मौत के बाद दिए टीवी इंटरव्यू में, अपनी मृत बहू के बारे में बात करते हुए बेहद भावहीन नजर आई। यह बात उस मिथक को तोड़ देती है कि महिलाएं दूसरी महिलाओं को सशक्त बनाती हैं। कुछ भारतीय घरों में, औरतें उसी भेदभावपूर्ण व्यवस्था की रखवाली करने वाली बन जाती हैं, जिसने कभी खुद उन्हें ही दबाया था। सास की भूमिका एक ऐसी संस्थागत पहचान का रूप ले सकती है, जिसकी जड़ें सत्ता, नियंत्रण और बेटे के घर-परिवार को बनाए रखने में गहरी जमी होती हैं। खुद के भोगे हुए कष्टों से, जरूरी नहीं कि हमेशा दूसरों के प्रति सहानुभूति ही पैदा हो। कभी-कभी तो यह उसी चक्र को फिर से दोहरा देती है। जिन महिलाओं ने खुद मुश्किल शादियां झेली हैं, वे कभी-कभी पुल बनाने वाली बनने के बजाय पहरेदार बन जाती हैं। यही एक वजह है कि दहेज और घरेलू हिंसा पढ़े-लिखे घरों में भी कायम है। यह हिंसा हमेशा शारीरिक नहीं होती। कभी-कभी यह भावनात्मक, प्रशासनिक या मनोवैज्ञानिक होती है-हजारों छोटी-छोटी अपमानजनक बातें, जो संभ्रांत परिवारों के भीतर ही होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में आज भी हर साल दहेज से जुड़ी लगभग 7,000 मौतें दर्ज की जाती हैं, यानी, हर दिन करीब 20 महिलाओं की मौत। ये वे ढांचागत विफलताएं हैं, जो बंद दरवाजों के पीछे छिपी हुई हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शहरी क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। दिखावे की शादी के कारण महिलाओं को सौदे की वस्तु के रूप में देखा जाता है। अक्सर लड़कियां शादी के बाद अपनी परेशानियों के संकेत परिवार को देती हैं, लेकिन कई बार उन्हें एडजस्ट करने की सलाह देकर चुप करा दिया जाता है। शादी के बाद भी बच्चों से लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी भावनात्मक स्थिति को समझने का प्रयास करना चाहिए।

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

# दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना योग साधना का है उद्देश्य

आज की बात



प्रतापराव जाधव
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, आयुष मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार)

> वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं

आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नजर आती है- वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे-समझे किया जाने वाला उपभोग। प्राकृतिक संसाधनों के जरुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक जिम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म-नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें। अत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने 'मिशन लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) के ज़रिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। कॉप 26 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा है: "आज जरूरत है सचेत और सोच-समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे-समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की।" हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक जिम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-जरूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलाया: "हर छोटा-बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है।" ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन 'अपरिग्रह' - यानी अनावश्यक चीज़ों को जमा करने से बचना और 'संतोष' यानी अपनी असली जरूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं,





जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमें निष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का ज़िम्मेदार रखवाला बनाता है।

पृथ्वी पर इंसानी जरूरतों को पूरा करने के लिए तो काफी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं। योग का अभ्यास धीरे-धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचैनी को शांत करता है, जल्दबाजी वाली आदतों को कम करता है और आत्म-अनुशासन को मजबूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी ज़रूरत हमें अपनी असली जरूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फर्क समझने के लिए होती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हू कि योग किस तरह गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतों और अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए जरुरी है। इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढांचा भी है। आज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है। हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है। योग के जरिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर-बाध्यकारी और समावेशी ढांचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूंकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है। योग की सामूहिक भावना के जरिए, स्थिरता, संयम और सचेत जीवन-शैली के संदेश अधिक दूर तक पहुंच सकते हैं और लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ सकते हैं। सच्चा कल्याण अकेले अस्तित्व में नहीं हो सकता। मानव स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और संपूर्ण ग्रह का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और पर्यावरण के क्षरण की चुनौतियों के लिए न केवल नीतिगत हस्तक्षेप, बल्कि व्यवहार में परिवर्तन भी जरुरी है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आइए हम अपनी प्रतिबद्धता को योग मैट से आगे बढ़ाएं। आइए हम योग को केवल दैनिक अभ्यास के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाएं।

# तरबूज : अफवाहों के बाजार से पसर गया है डर का साया

अलग बात



केदारनाथ दास

इन दिनों तरबूज को लेकर सोशल मीडिया की मेहरबानी कुछ अधिक ही बढ़ सी गई है। मौसम गर्मियों का चल रहा है और इस मौसम में तरबूज का सुर्ख चटक रंग मन को बड़ा सुकून देने वाला माना जाता है। विटामिन ए और सी से भरपूर यह एक ऐसी लाली है जो न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि शरीर के लिए जल और ऊर्जा का एक प्राकृतिक स्रोत माना जाता है। तेज गर्मी, पसीना व लू के मौसम में तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह अपने आप में 90–92% तक पानी का बेहतरीन व नैसर्गिक स्रोत होता है। लू और गर्मी से राहत देने की क्षमता रखने वाला यह फल दिल और रक्तचाप के लिए भी लाभकारी होता है क्योंकि इसमें पोटैशियम और लाइकोपीन जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य और रक्तचाप संतुलन में सहायक माने जाते हैं। सबसे दिलचस्प तथ्य यह बताया जाता है कि सीमित मात्रा में इसका उपयोग मधुमेह रोगियों के द्वारा भी किया जा सकता है क्योंकि इसमें पानी अधिक और कैलोरी कम होती है। इतना ही नहीं, हल्का और आसानी से पचने वाला फल होने के कारण यह पेट को आराम देने की क्षमता भी रखता है। गुणों की दृष्टि से इतना शानदार फल होने के बावजूद इस वर्ष यह विवादित बन कर रह गया है क्योंकि सोशल मीडिया में तरबूज खाकर मौत की खबरें काफी ट्रेंड कर रही हैं। ऐसे में जब एक अज्ञात भय सामने ट्रेंड कर रहा है तब इस विषय को लेकर आम लोग काफी दिग्भ्रमित हो रहे हैं और इस एक कारण से तरबूज उत्पादक किसान परेशान हैं। संदर्भवश यह दावा तो नहीं किया जा सकता है कि ये बातें सिर्फ "अफवाह" हैं लेकिन यह कहना भी गलत है कि तरबूज सामान्य रूप से जहरीला हो गया है या हर तरबूज खतरनाक है। इस बात को लेकर सरकार के स्तर से भी कोई स्पष्ट रिपोर्ट सामने नहीं है क्योंकि कई मामलों में जांच चल रही है और हर घटना से एक जैसे किसी कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि मुंबई में एक परिवार की मौत के मामले में शुरुआती चर्चा तरबूज पर हुई लेकिन इस मामले में अंततः में चूहामार जहर "जिंक फॉस्फाइड" मिलने की बात सामने आई। ऐसे में, यहां मौत का कारण सिर्फ तरबूज के सेवन को नहीं माना गया। इसी तरह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों से भी तरबूज खाने के बाद लोगों के बीमार होने या मौत की खबरें आई हैं। इन मामलों की भी जांच की रही है और मिल रही प्रारंभिक सूचना के अनुसार फूड पॉइजनिंग, रखरखाव और मिलावट आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा है। बहरहाल इन सब बातों के आलोक में तरबूज खाकर लोग मर रहे हैं" जैसा कोई डर फैलाना उचित नहीं है। कुछ संदिग्ध मामलों में किसी भी तरह का दूषित भोजन गंभीर बीमारी का कारण बनता ही है और तरबूज भी इसके दायरे में होता ही है। अक्सर खराब भंडारण, रसायन, सड़न, जहरीले पदार्थ के संपर्क आदि के कारण कोई भी फल या खाद्य पदार्थ मानवीय स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता ही है और सिर्फ इस आधार पर सामान्य व ताजा तरबूज पर सवाल खड़े कर देना कतई उचित नहीं है। दुर्भाग्यवश सोशल मीडिया में कुछ ऐसा ही खेल चल रहा है और नतीजा सामने है जब तरबूज उत्पादक स्थानीय किसानों के फसल को लागत कीमत भी नहीं मिल पा रहा है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि खेतों से हाट बाजार तक पहुंच रहे तरबूज बमुश्किल दस रुपए प्रति नग बिक रहे हैं। किसानों के अनुसार इस लागत में सिर्फ हाट बाजार तक पहुंचाने वाले परिवहन खर्च को जोड़ दिया जाए तो प्रति नग तरबूज के लिए उन्हें महज दो से तीन रुपए ही मिल रहे हैं और उनके सामने "भागते भूत को लंगोटी भली वाली" स्थिति पैदा हो गई है। हो सकता है इसके सेवन के बाद कहीं कहीं फुड पोइजनिंग की घटनाएं हुई हैं परन्तु इसका यह मतलब कतई नहीं है कि हर तरबूज की लाली से पूरी तरह परहेज कर लिया जाए। हां, इसे लेकर कुछ सावधानी बरतनी चाहिए और सड़क किनारे लंबे समय से रखा व कटा हुआ खुला तरबूज तो से परहेज किया जाना चाहिए। बहुत चमकीला या असामान्य रंग दिखे, तो इसके उपभोग से बचें और खाने से पहले इसे अच्छी तरह धो लें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### खादी पंखों वाली आत्मा



सुरेश मिश्रा उरतृप्त

सत्ता की रीढ़ जितनी लचीली होती है, चापलूसी के सुर उतने ही मधुर सुनाई देते हैं। उस दोपहर महामहिम की कचहरी में एक ऐसी ही जादुई चिड़िया लाई गई, जिसके पंख पूरी तरह खादी के रंग में रंगे थे। राजा को हमेशा से ऐसे ही वफादारों की तलाश थी जो बिना कुछ सोचे-समझे वही कहें जो सिंहासन सुनना चाहता है। राजा ने अपनी मूछों पर ताव देते हुए उस नन्हें जीव की तरफ देखा और अपनी प्रशासनिक धाक जमाने के लिए पूछा कि कहो मियां, हुकूमत का क्या हाल है। चिड़िया ने एक बार अपनी गर्दन घुमाई, दरबारियों की सूनी आँखों में झांका और सीधे सच का तेजाब उगल दिया। उसने कहा कि हुजूर, आपके महलों की चमक असल में झोपड़ियों के अंधेरे की कतरन से बनी है और आपकी नीतियां जनता की जेब काटने का सबसे सुसंस्कृत औजार हैं। राजा का चेहरा गुस्से से लाल हो गया क्योंकि सिंहासन कभी भी यथार्थ का नग्न नृत्य बर्दाश्त नहीं करता। राजा ने तुरंत मालिक की तरफ देखा और गरजते हुए पूछा कि क्या यही मेरे मन की बात है जो यह बदतमीज जीव सरेआम बोल रहा है। मालिक ने बहुत ही मखमली मुस्कान के साथ कहा कि हुजूर, आप इसके स्थान का भूगोल बदल कर देखिए, इसका वैचारिक इतिहास तुरंत बदल जाएगा। जैसे ही उस जीव को मंत्रियों की कतार में एक मखमली और खाली कुर्सी पर बिठाया गया, उसके भीतर का विद्रोही अचानक आत्मसमर्पण कर बैठा। उसकी आँखों में वह दिव्य श्रद्धा तैरने लगी जो केवल मुफ्त के भत्तों और मलाईदार विभागों को देखकर पैदा होती है। राजा ने दोबारा वही सवाल दोहराया तो इस बार चाटुकारिता की ऐसी गंगा बही कि पूरा दरबार उस कीचड़ में नहा गया। उसने कहा कि अन्नदाता, आपके पैरों की धूल चंदन से ज्यादा पवित्र है और आपके शासन में भुखमरी भी एक आध्यात्मिक साधना जैसी लगती है। राजा इस जादुई परिवर्तन को देखकर हैरान था क्योंकि उसने अपनी पूरी जिंदगी में इतनी जल्दी निष्ठा बदलते केवल इंसानों को देखा था। व्यवस्था का यह चरित्र देखकर राजा ने अपनी उत्सुकता शांत करने के लिए उसे एक छोटे सिपाही के लकड़ी के स्टूल पर रखवा दिया।

राष्ट्रीय नवीन मेल
## धर्म-अध्यात्म

### सदा अच्छे विचार, भाव, स्वभाव और व्यवहार बनाने का प्रयास



स्वामी चिन्मयानंद

सच्चे और उपयोगी कार्यकर्ता बनने के लिए अपने में इस प्रकार का पूरा परिवर्तन लाना ही होगा। हमारे निकट आने वाले लोग हमारा विश्लेषण और अध्ययन विवेक के साथ करेंगे। उनके बीच हमारा कार्य उनके कल्याण और आन्तरिक विकास के लिए है। यदि वे हमारे अन्दर दुर्बलता या कोई गड़बड़ी पायेंगें तो वे निश्चय ही हमसे दूर रहेंगे। हमें उनकी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा। अतः हम सब लोगों की तत्काल मांग यही होना चाहिए - "सद्गुण विकसित करो और दैनिक जीवन में सहज भाव से उनको प्रकट होने दो। हम सदा ध्यान रखें कि संसार कठोरता के साथ हमारे मानसिक और शारीरिक व्यवहार का चुपचाप निरीक्षण कर रहा है। उसकी नजर से कुछ भी नहीं बच सकता। वचना भी नहीं चाहिए। हमारे सहसा उत्पन्न विचारहीन अथवा अचेतन कार्य और शब्दों का भी कुछ परिणाम होता है। हमें देख रहे पुरुषों के लिए वही उनके हाथ का डंडा बन जाता है जिसे वे हमारी पीठ पर जमा देते हैं। सद्गुणों और धार्मिक मूल्यों की शिक्षा देने वाले हम लोगों को बहुत सावधान रहना है। हमारे मुख से निकले हर शब्द का, हमारे मुख पर प्रकट होने वाले हर भाव का, हमारे शरीर की हर क्रिया का, हमारी हर चाल-ढाल और हर आदत का लोग सावधानी से निरीक्षण कर रहे हैं। वे हमारे साथ सहानुभूति रखने या हमारी त्रुटियों की उपेक्षा करने की अपेक्षा हमारी अच्छाइयों में भी दोष निकलाने का प्रयास करेंगे। समाज में अन्य लोगों पर हम अपनी बात-व्यवहार का जो प्रभाव डालते हैं उसी के आधार पर वे हमारे प्रति धारणा बना लेते हैं। उनकी स्वीकृति ही हमारे लिए कार्य-क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुज्ञा है। अतः सदा अच्छे विचार, भाव, स्वभाव और व्यवहार बनाने का प्रयास करें, जिससे हमारा व्यक्तित्व प्रभावशाली बने।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## फेसबुक वॉल से





## एक्स से





# लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा और राहुल गांधी की राजनीतिक चुनौती

देश की बात



कांतिलाल मांडोत

भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हमेशा से रहे हैं। चुनावी सभाओं में आरोप-प्रत्यारोप भी होते रहे हैं और नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी भी कोई नई बात नहीं है। लेकिन लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यही मानी जाती है कि विचारों की लड़ाई गरिमा और मर्यादा के भीतर लड़ी जाए। जब कोई नेता देश के प्रधानमंत्री या गृहमंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करता है तो वह केवल राजनीतिक हमला नहीं रह जाता बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। आज इसी संदर्भ में राहुल गांधी की भाषा और उनकी राजनीतिक शैली चर्चा के केंद्र में है। कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े चेहरे के रूप में राहुल गांधी लंबे समय से भारतीय राजनीति में सक्रिय हैं। गांधी परिवार की विरासत और कांग्रेस की ऐतिहासिक पहचान उनके साथ जुड़ी हुई है। वे देशभर में यात्राएं करते हैं जनता के बीच जाते हैं और खुद को आम लोगों की आवाज के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। लेकिन अक्सर उनकी कुछ टिप्पणियां और बयान विवादों में आ जाते हैं। हाल ही में उन्होंने नरेंद्र मोदी और अमित शाह को लेकर जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया उसने राजनीतिक बहस को और गर्म कर दिया। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए तीखे शब्द कहे और इटली की प्रधानमंत्री को दी गई मेलोडी चॉकलेट पर भी तंज कस दिया। यह टिप्पणी राजनीतिक मंच से कही गई लेकिन जनता के एक बड़े वर्ग को यह असहज लगी। भारतीय राजनीति में आलोचना का अधिकार सभी को है। विपक्ष का काम ही सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना है। लेकिन जब आलोचना व्यक्तिगत कटाक्ष या व्यंग्य का रूप ले लेती है तब उसका असर उल्टा भी पड़ सकता है। राहुल गांधी के विरोधियों का कहना है कि वे कई बार बिना सोचे समझे बयान दे देते हैं जिससे उनकी राजनीतिक परिपक्वता पर सवाल उठते हैं। यही कारण है कि उनके भाषणों की चर्चा अक्सर मुद्दों से ज्यादा विवादित शब्दों को लेकर होने लगती है।

राहुल गांधी की राजनीति का एक बड़ा पक्ष यह रहा है कि वे खुद को जमीन से जुड़ा नेता दिखाने की कोशिश करते हैं। वे गांवों में जाते हैं युवाओं से मिलते हैं किसानों और मजदूरों के साथ संवाद करते हैं। उनकी सभाओं में युवाओं की भीड़ भी दिखाई देती है। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस लगातार कई राज्यों में चुनाव हारती गई है। उत्तर प्रदेश बिहार गुजरात मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसे बड़े राज्यों में भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। भाजपा की लगातार चुनावी सफलताओं ने कांग्रेस को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया है। ऐसे माहौल में राहुल गांधी पर पार्टी को पुनर्जीवित करने का दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ा है। यही दबाव कई बार उनकी भाषा में झलकता हुआ दिखाई देता है। भाजपा समर्थकों का मानना है कि लगातार चुनावी हार और जनता के घटते समर्थन के कारण राहुल गांधी आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। उनके अनुसार भाजपा की एक के बाद एक राज्यों में जीत ने कांग्रेस नेतृत्व को असहज कर दिया है और इसी कारण राहुल कई बार संयम खो बैठते हैं। राजनीति में जब तर्क कमजोर पड़ने लगते हैं तब शब्दों की तीक्ष्णता बढ़ जाती है और यही स्थिति आज कांग्रेस के भीतर भी दिखाई देती है। दूसरी ओर भाजपा ने अपने नेतृत्व को राष्ट्रवाद विकास और मजबूत प्रशासन की छवि के साथ स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएं भारत की वैश्विक छवि को मजबूत करने के रूप में प्रस्तुत की जाती हैं। चाहे जी20 सम्मेलन हो या दुनिया के बड़े नेताओं के साथ बैठकें भाजपा इसे भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण बताती है। ऐसे में इटली की प्रधानमंत्री को मेलोडी चॉकलेट देने जैसे प्रसंग पर राहुल गांधी का तंज भाजपा समर्थकों को देश की प्रतिष्ठा का मजाक उड़ाने जैसा लगा। उनके आलोचकों का कहना है कि अगर किसी विदेशी नेता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया गया तो उसे व्यंग्य का विषय बनाने के बजाय सकारात्मक दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

भारतीय संस्कृति में विरोध के बीच भी सम्मान बनाए रखने की परंपरा रही है। संसद में अटल बिहारी वाजपेयी और इंदिरा गांधी जैसे नेताओं के बीच तीखे मतभेद थे लेकिन भाषा की गरिमा बनी रहती थी। आज के दौर में सोशल मीडिया और टीवी बहसों ने राजनीति को अधिक आक्रामक बना दिया है। नेताओं के बयान तुरंत वायरल होते हैं और जनता की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आ जाती है। ऐसे समय में हर शब्द की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। राहुल गांधी जैसे बड़े नेता से लोगों की अपेक्षा रहती है कि वे अपने शब्दों का चयन सोच समझकर करें। राहुल गांधी की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे खुद को एक गंभीर और वैकल्पिक राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित करें। केवल सरकार की आलोचना करना पर्याप्त नहीं होता बल्कि जनता को यह भरोसा भी दिलाना होता है कि आपके पास बेहतर दृष्टि और मजबूत नेतृत्व क्षमता है। कई बार राहुल गांधी के भाषणों में भावनात्मक अपील तो दिखाई देती है लेकिन स्पष्ट राजनीतिक दिशा कम नजर आती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

बड़े व्यस्त रहने लगे, अब हकीम औ' वैद।
मौसम ने आ कर दिया सबको घर में कैद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## डोप टेस्ट पॉजिटिव आने पर खिलाड़ियों को अपराधी नहीं माना जाएगा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारत के एंटी-डोपिंग कानूनी ढांचे में प्रस्तावित संशोधनों को परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा है। इसका उद्देश्य संगठित डोपिंग गतिविधियों के लिए आपराधिक दंड लागू करना है और एथलीटों को सामान्य एंटी-डोपिंग उल्लंघनों के लिए आपराधिक अभियोजन से बचाना है। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य उस व्यापक इकोसिस्टम से निपटना है जो खेल में डोपिंग को संभव बनाता है।इसमें तस्कर, अवैध आपूर्तिकर्ता, संगठित सिंडिकेट और प्रतिबंधित पदार्थों तथा व्यावसायिक वितरण और प्रशासन में शामिल सहायक कर्मचारी शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित ढांचा संगठित डोपिंग नेटवर्क से जुड़ी कई गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में लाने का प्रयास करता है। इनमें प्रतिबंधित पदार्थों और तस्करी के तरीकों, अनाधिकृत बिक्री या वितरण, डोपिंग के उद्देश्य से एथलीटों को प्रतिबंधित पदार्थों का प्रशासन, नाबालिगों को ऐसे पदार्थों की आपूर्ति, डोपिंग से संबंधित संगठित व्यावसायिक गतिविधियां, निर्धारित लेबलिंग के बिना प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री, और डोपिंग प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले विज्ञापन या सशुल्क प्रचार शामिल हैं।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एथलीटों को केवल टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने या एंटी-डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने मात्र पर आपराधिक अभियोजन का सामना नहीं करना पड़ेगा, जब तक कि वे तस्करी या संगठित डोपिंग अभियानों जैसे अपराधों में सीधे तौर पर शामिल न पाए जाएं। मंत्रालय ने कहा, "एथलीटों द्वारा एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघनों से मौजूदा एंटी-डोपिंग ढांचे के तहत ही निपटा जाता रहेगा। प्रस्तावित परिवर्तनों का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में और उसके आसपास सक्रिय आपराधिक नेटवर्कों के खिलाफ कार्रवाई को मजबूत करना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि स्वच्छ एथलीटों को आपराधिक कानून के प्रावधानों के तहत अनुचित रूप से निशाना न बनाया जाए।

### वनडे विश्व कप 2025 में चैंपियन बनना एक बड़े सफर की शुरुआत थी

## हम जीत को हर हाल में आदत बनाना चाहते हैं : हरमनप्रीत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वनडे विश्व कप 2025 जीतने के बाद टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब टीम जीत को अपनी आदत बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वनडे विश्व कप 2025 में चैंपियन बनना भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक बड़ी यात्रा की शुरुआत है। कौर ने अपने आईसीसी कॉलम में लिखा, "उस विश्व कप को जीतना भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल था। यह सिर्फ एक ट्रॉफी से कहीं बढ़कर था। सबसे जरूरी बात यह है कि इसने हमारे अंदर आत्मविश्वास जगाया और युवा लड़कियों को यह दिखाया कि खेल के सबसे ऊंचे मुकाम तक पहुंचना नामुमकिन नहीं है। उन्होंने आगे कहा, "महिला विश्व कप 2025 की जीत ने हमारे आत्मविश्वास को जबरदस्त बढ़ावा दिया है। हालांकि, यह तो बस शुरुआत है। हम जीत को अपनी आदत बनाना चाहते हैं। 2025 विश्व कप की जीत ने हमें जहां बेहिसाब खुशी दी, वहीं इसने हमें एक बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी है। हम जानते हैं कि अब लोगों की उम्मीदें बढ़ेंगी। इससे हम पर दबाव भी आएगा, लेकिन यह एक 'अच्छा' दबाव है। यह हमें याद दिलाता है कि हमने कुछ बहुत ही खास हासिल किया है। अब हमें उस सफलता को एक बार फिर दोहराना है। कौर ने कहा, "हम उस जीत से मिले आत्मविश्वास और भरोसे को टी20 विश्व कप में भी अपने साथ आगे ले जाना चाहेंगे। हम अच्छी तरह जानते हैं कि हमें किस स्तर का प्रदर्शन बनाए रखना है।



**हरमनप्रीत कौर बोलीं- जीत को आदत बनाना चाहती है टीम इंडिया :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर r ने कहा है कि वनडे विश्व कप 2025 जीतने के बाद टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और अब भारतीय टीम जीत को अपनी आदत बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह खिताबी जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक नई और बड़ी यात्रा की शुरुआत है।

श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खेली गई टी20 सीरीज ने हमें खुद को परखने और बहुत कुछ सीखने का बेहतरीन मौका दिया है। टी20 में सफलता के लिए गलतियों की गुंजाइश बहुत कम होती है। कुछ गेंदों में मैच का रुख बदल सकता है। महिला टी20 विश्व कप 2026 को लेकर कौर ने लिखा, "हर आईसीसी ट्रॉफी की अपनी चुनौती होती है। यह फॉर्मेट छोटा होता है। जीत-हार का अंतर बहुत कम होता है। दबाव बहुत ज्यादा होता है। हमें शुरू से ही चौकन्ना रहना होगा, और मैच के अहम पलों में जीत हासिल करनी होगी। इस टूर्नामेंट को जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। भारतीय कप्तान ने कहा, "अगर हम यह टूर्नामेंट जीतते हैं, तो यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक मजबूत और लगातार सफलता वाले दौर की शुरुआत का संकेत होगा। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। हरमन ने कहा कि इस टीम के बारे में जो बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है, वह है टीम का संतुलन। इसमें प्रतिभा है, निडरता है। अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मेल है। इसका बहुत सारा श्रेय महिला प्रीमियर लीग को जाता है। लीग की वजह से असली प्रतिभा सामने आई है और खिलाड़ियों को दबाव वाली स्थितियों, ऊंचे मानकों और दुनिया के कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ खेलने का नियमित अनुभव दिया है। खिलाड़ियों में अब ज्यादा परिपक्वता आ गई है।

## एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम में एनटीएचए के दो खिलाड़ी चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) के दो कैडेट्स आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का चयन आगामी मेंस अंडर-18 एशिया कप 2026 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में आयोजित होगी। हाल ही में 15 से 20 मई तक भोपाल में आयोजित भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 द्विपक्षीय श्रृंखला के बाद भारतीय टीम की अंतिम 18 सदस्यीय टीम घोषित की गई। इस श्रृंखला में एनटीएचए के तीन कैडेट्स, जिनमें जयसन कंडुलना भी शामिल थे, प्रारंभिक 24 सदस्यीय संभावित टीम का हिस्सा बने थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में डिफेंस में आशीष तानी पूर्ति और मिडफील्ड में प्रेमचंद सोय के शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिली। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए



एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, रणनीतिक समझ और मेहनत से अकादमी तथा झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जापान में होने वाले एशिया कप में दोनों खिलाड़ी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जमशेदपुर स्थित नवल टाटा हॉकी अकादमी अत्याधुनिक हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के रूप में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, खेल विज्ञान और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर भारतीय हॉकी के भविष्य को मजबूत बनाने में जुटी है।

## फीफा वर्ल्ड कप : मोहम्मद सालाह मिस्र की 27 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल

**काहिरा ।** मिस्र के फुटबॉल एसोसिएशन ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए 27 खिलाड़ियों की एक प्रारंभिक टीम घोषित की है। कोच होसाम हसन की इस टीम में मोहम्मद सालाह, उमर मारमोश, ट्रेजेगुएट और मोहम्मद अब्देलमोनेम जैसे जाने-माने सितारों का एक मुख्य ग्रुप है। यह टीम 28 मई को रूस के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेलेगी, जिसके लिए इस प्रारंभिक टीम के 27 खिलाड़ियों में से सिर्फ 26 खिलाड़ियों को चुना जाएगा।

## रणजी ट्रॉफी के टॉप बल्लेबाज और गेंदबाज को अफगानिस्तान टेस्ट में नहीं मिला मौका

### बीसीसीआई का यह कदम खिलाड़ियों को निराश कर सकता है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अक्सर हमें सुनने को मिलता है कि टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। घरेलू क्रिकेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन ही खिलाड़ियों के लिए भारतीय टीम का दरवाजा खोलेगी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम में स्थापित खिलाड़ियों को भी खाली समय में घरेलू क्रिकेट खेलने का निर्देश दिया है।इसी वजह से हमने बीते रणजी सीजन में रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों को भी अपनी घरेलू टीम के लिए खेलते देखा था। अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद बीसीसीआई के दावे की पोल खुल गई है। बीसीसीआई



की चयन समिति ने रणजी ट्रॉफी (2025-26) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और विकेट लेने वाले खिलाड़ी को मौका देना तो दूर, उनके नाम की चर्चा तक करना मुनासिब नहीं समझा।

रणजी ट्रॉफी को भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का सम्मान प्राप्त है। रणजी ट्रॉफी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भारतीय टीम के लिए तैयार माना जाता है। बीसीसीआई भी रणजी के प्रदर्शन को टीम इंडिया में चयन का पैमाना मानती है, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए टीम इंडिया के चयन में बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी (2025-26) में गेंद और बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया है, जो निराशाजनक है। रणजी ट्रॉफी (2025-26) में जम्मू-कश्मीर के 29 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रशंसकों और आलोचकों को प्रभावित किया था। जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी का चैंपियन बनाने में यादगार और ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले नबी ने सीजन के 10 मैचों की 17 पारियों में 60 विकेट लिए थे।

## गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची जिला क्रिकेट संघ से पंजीकृत एवं रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में आयोजित तीसरे संस्करण गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी ने अचीवर्स क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने दिवंगत युवा क्रिकेटर गौरव सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शानदार खेल भावना का परिचय दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री अजय नाथ शाहदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में वार्ड सदस्य आरती कुमारी, रांची जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष सह क्रिकेट प्रशिक्षक सौमित्र पटनायक, क्रिकेट प्रशिक्षक अनिसुर रहमान, पूर्व रणजी खिलाड़ी कौशल कुमार, एयू बैंक के क्लस्टर हेड आनंद कुमार, उत्तम कुमार, अमरेंद्र कुमार तथा सरला बिरला विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी सुभाष शाहदेव शामिल रहे। अपने संबोधन में श्री अजय नाथ शाहदेव ने गौरव सिंह के क्रिकेट जीवन, अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का उल्लेख करते हुए युवा खिलाड़ियों से




उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट राज्य के उभरते क्रिकेटरों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। उन्होंने प्रतियोगिता के लाइव प्रसारण की भी प्रशंसा की और कहा कि इससे खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को प्रदर्शन का विश्लेषण करने का अवसर मिला।

फाइनल मैच में अचीवर्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए। टीम की ओर से आदित्य ने शानदार 62 रन जबकि यश ने 25 रनों का योगदान दिया। रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से वेदांश और सौरव ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि उत्सव और बॉबी को 1-1 सफलता मिली। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 149 रन बना लिए और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अभिज्ञान सिंह ने शानदार 74 रनों की मैच विजयी पारी खेली, जबकि आकाशत ने 28 रन बनाए। अचीवर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य ने 2 विकेट लिए। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अभिज्ञान सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अचीवर्स क्रिकेट क्लब के आदित्य प्रसाद को मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के अभिज्ञान सिंह को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, वेदांश पांडेय को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा सौरव कुमार को उभरता खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेता रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी की टीम को ट्रॉफी के साथ 20 हजार रुपये तथा उपविजेता अचीवर्स क्रिकेट अकादमी को ट्रॉफी के साथ 10 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर रांची में क्रिकेट को बढ़ावा देने वाले 21 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही अंपायर प्रशांत कुमार, वासिद खान, शिवम कुमार और सुभाष यादव तथा स्कोरर मनीष कुमार, आकाशदीप चौधरी एवं मनीष पांडे को भी सम्मानित किया गया। वीडियो विश्लेषक के रूप में कुणाल कुमार सिंह, आयुष आर्यन, आकाश कुमार सिंह एवं पिंटू कुमार को विशेष सम्मान दिया गया।

पूरे टूर्नामेंट में 16 टीमों के लगभग 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के मनीष कुमार, आकाशदीप चौधरी, अमर ज्योति, सुभाष यादव, शिवम कुमार, मनीष पांडे, आयुष आर्यन, अनुराग, विमल कुमार, प्रियांशु केसरी एवं कुणाल कुमार सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया, जिसकी खेल प्रेमियों एवं दर्शकों ने भरपूर सराहना की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### रुपए में गिरावट पर सरकार की नजर, कई आर्थिक कदमों पर विचार

## अमेरिकी मुख्य वार्ताकार अगले महीने करेंगे भारत का दौरा : पीयूष गोयल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के 96 के स्तर तक कमजोर होने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि सरकार पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी विभाग मिलकर टीम की तरह काम कर रहे हैं और कई आर्थिक कदमों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन भारत के पास मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास है। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत इस कठिन दौर से भी विजेता बनकर बाहर निकलेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अमेरिका के मुख्य वार्ताकार अगले महीने भारत दौरे पर आएंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत लगातार वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और दुनिया भारत की आर्थिक क्षमता को गंभीरता से देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त राष्ट्र की संस्था फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (एफएओ) के सर्वोच्च सम्मान 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किए जाने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए आगे कहा कि भारत के पास अपार क्षमता है और हर भारतीय में इतनी ताकत है कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के लोगों में किसी तरह का डर या कमजोरी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा बेहद सफल रही, जहां उन्हें तीन बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एफएओ का यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के किसानों के लिए बड़े स्तर पर काम किया है और वह किसानों के लिए किसी मसीहा की तरह उभरे हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान मिल रही है। पीयूष गोयल ने देशवासियों से आयात पर निर्भर उत्पादों के इस्तेमाल और खर्च को लेकर अधिक सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशहित में जो अपील की है, उसे हर भारतीय गंभीरता से ले रहा है और अपने छोटे-बड़े प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें हर उस भारतीय पर गर्व है, जिसने प्रधानमंत्री की अपील को दिल से अपनाया और देश को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाई।



## भारत का चाय निर्यात बीते 12 वर्षों में 93 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** भारत का चाय निर्यात बीते 12 वर्षों में वित्त वर्ष 2025-26 तक 93 प्रतिशत बढ़कर 8,719 करोड़ रुपए रहा है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 4,509 करोड़ रुपए था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से गुरुवार को दी गई। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर भारतीय चाय की बढ़ती वैश्विक अपील का जिक्र करते हुए, गोयल ने चाय को एक भावना बताया और कहा कि यह देश के दैनिक जीवन, संस्कृति और परंपराओं में गहराई से समाहित है। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "चाय एक भावना है और अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर इसे व्यक्त करने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है! पूरे भारत में, चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं है, बल्कि यह रोजमर्रा की जिंदगी, बातचीत और परंपराओं का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने आगे कहा, "दार्जिलिंग की पहाड़ियों से लेकर असम की घाटियों और नीलगिरी के बागानों तक, हर क्षेत्र चाय के एक कप में अपना अनूठा स्वाद, सुगंध और विशेषता जोड़ता है! मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता मानकों में सुधार और देश की समृद्ध चाय विरासत को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के चलते भारतीय चाय ने वर्षों से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "गुणवत्ता मानकों में सुधार और भारतीय चाय बोर्ड द्वारा भारत की समृद्ध चाय विरासत को विश्व के सामने प्रदर्शित करने के निरंतर प्रयासों के चलते भारतीय चाय ने वर्षों से वैश्विक बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। इस बीच, पिछले वर्ष गोयल ने बताया था कि संगठित क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग लगभग 12 लाख श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है, जिनमें से लगभग 58 प्रतिशत महिलाएं हैं। गोयल ने जून 2025 में एक्स पर पोस्ट किया था, "महिलाएं भारत के चाय क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर रही हैं। हमारा देश अपनी सुगंधित चाय और निर्यात में लगातार वृद्धि के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

## कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते लाल निशान में बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 135 अंक फिसला

**मुंबई ।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बीच कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। दिन के कारोबार में निफ्टी50 और सेंसेक्स में गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि आईटी और एफएमसीजी शेयरों पर दबाव बना रहा। इस दौरान, निफ्टी50 4.30 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 23,654.70 पर बंद हुआ, तो वहीं सेंसेक्स 135.03 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 75,183.36 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 75,732.42 पर खुलकर 75,945.79 का इंट्रा-डे हाई और 74,996.78 का लो बनाया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,830.05 पर खुलकर 23,859.90 का दिन का हाई और 23,596.60 का लो बनाया। व्यापक बाजारों में, निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.63 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखने को मिली। वहीं सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी एफएमजीसी, निफ्टी आईटी और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी सीमेंट ने बेहतर प्रदर्शन किया।

## सीआईआई और साइप्रस चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच रणनीतिक समझौता

### व्यापार और निवेश सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी । मुंबई**

देश के प्रमुख उद्योग संगठन सीआईआई ने गुरुवार को साइप्रस चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में हुआ। सीआईआई-सीसीसीआई एमओयू का उद्देश्य भारतीय और साइप्रस के उद्योगों के बीच निवेश प्रोत्साहन, संयुक्त उपक्रम, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल, ट्रेड फेयर और विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित सहयोग को मजबूत करना है।

मुंबई में आयोजित साइप्रस-इंडिया बिजनेस फोरम में साइप्रस गणराज्य के परिवहन और संचार मंत्री एलेक्सिस वाफेडेस और रिसर्च, इनोवेशन एवं डिजिटल पॉलिसी के उप मंत्री निकोडेमोस डामियानू भी मौजूद रहे। इसी दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते के तहत



सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) ने साइप्रस डिफेंस एंड स्पेस इंडस्ट्री क्लस्टर (सीआईडीएससी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य रक्षा निर्माण, एयरोस्पेस इनोवेशन, ड्यूल-यूज टेक्नोलॉजी और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है। इन समझौतों का मकसद व्यापारिक संबंधों, उद्योगों के बीच आदान-प्रदान और टेक्नोलॉजी साझेदारी को बढ़ावा देना है। साथ ही रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में नए सहयोग के अवसर तैयार करना भी इसका हिस्सा है।

## देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार: सरकारी अधिकारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति भी सामान्य बनी हुई है। यह जानकारी एक सरकारी सूत्र (सरकारी अधिकारी) के हवाले से गुरुवार को दी गई है। कई पेट्रोल पंप द्वारा ईंधन न देने या सीमित मात्रा में देने पर सरकारी सूत्रों ने आगे बताया कि ऐसे पेट्रोल पंप्स पर सीमाओं को हटाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। इससे अलावा, कुछ पेट्रोल पंप पर ईंधन की अचानक मांग बढ़ने पर सूत्रों ने बताया कि इसके पीछे तीन बड़े कारण हैं। इसमें पहला कारण फसल कटाई का मौसम होना है, जिसके चलते डीजल की मांग बढ़ जाती है। दूसरा निजी ईंधन कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल की ऊंची कीमतें चार्ज करना है, जिससे ग्राहक सरकारी कंपनियों की तरफ शिफ्ट



हो रहे हैं। इसकी वजह संस्थागत/कमर्शियल ईंधन से उपभोक्ताओं का शिफ्ट होना है, जिसकी कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों के अनुरूप तय की जाती हैं, जो कि अभी 20 रुपए प्रति लीटर तक अधिक हैं। इसके अलावा सूत्रों ने बताया कि सरकार ने रूसी कच्चे तेल की खरीद में कोई कमी नहीं की है। इससे पहले, सरकारी तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के डायरेक्टर फाइनेंस वीआरके गुप्ता ने बुधवार को कहा था कि मध्य पूर्व संकट के बीच कंपनी रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ रही है और मौजूद समय में कंपनी के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी करीब 41 प्रतिशत पहुंच गई है, जो कि वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) में 31 प्रतिशत थी।

मीडिया से बातचीत में गुप्ता ने बताया कि मध्य पूर्व में तनाव के चलते कंपनी ने विविध स्रोतों विशेषकर रूस से कच्चे तेल की खरीद को बढ़ाया है। इससे पहले वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर 2025) में कंपनी के आयात बास्केट में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत थी।

### प्राकृतिक खूबसूरती के साथ छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ कार्रवाई

# निर्माणाधीन होटल को एसडीएम ने किया सील

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ हो रहे छेड़छाड़ के खिलाफ एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने नेतरहाट के प्रोटेक्टेड एरिया में बन रहे एक होटल को सील कर दिया है। उन्होंने कहा कि मामले में होटल संचालक के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। एसडीएम के इस कार्रवाई से नेतरहाट में नियम के विरुद्ध होटल निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

#### कोयल व्यू के पास अवैध निर्माण

दरअसल, लातेहार जिले के महुआडांड़ अनुमंडल के एसडीएम विपिन कुमार दुबे को सूचना मिली थी कि नेतरहाट के कोयल व्यू के पास अवैध रूप से होटल का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि यह एरिया प्रोटेक्टेड एरिया के रूप में चिन्हित है। सूचना मिलने के बाद जब एसडीएम ने नेतरहाट में छापेमारी की तो पाया कि उक्त होटल का निर्माण नियम के विरुद्ध किया जा रहा है। एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर दिया।

#### पूर्व में भी नोटिस देकर लगाई गयी थी रोक

इधर, इस संबंध में एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने बताया कि नेतरहाट के प्रोटेक्टेड क्षेत्र कोयल व्यू के पास अवैध रूप से बंबू कॉटेज होटल का निर्माण कराया जा रहा था। मामले में उन्होंने कुछ माह पहले ही नोटिस देकर निर्माण पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद होटल संचालक गुपचुप तरीके से प्रशासनिक आदेश की अवहेलना करते हुए होटल का निर्माण कार्य जारी रखा। जब इसकी सूचना उन्हें मिली तो एसडीएम होटल का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पाया कि जिस निर्माण कार्य को रोकने का आदेश दिया गया था, उस आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य फिर से आरंभ कर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि यह सीधे तौर पर प्रशासनिक आदेश का उल्लंघन का मामला है।

#### सीएनटी और पर्यावरण नियमों का उल्लंघन

एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने बताया कि होटल का संचालक नेतरहाट का निवासी नहीं है। वह गारु का रहने वाला है। यह सीधे तौर पर सीएनटी एक्ट के उल्लंघन का मामला है। वहीं भारत सरकार पर्यावरण विभाग की अधिसूचना 2638 दिनांक 9 अगस्त 2019 का भी सीधे तौर पर उल्लंघन का मामला है।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण विभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रोटेक्टेड एरिया के 1 किलोमीटर के अंदर में किसी भी बाहरी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता है। यदि कोई स्थानीय व्यक्ति हो तो वह अपने रहने के लिए छोटा घर बन सकता है। इस तरह यहां सीएनटी के साथ-साथ पर्यावरण विभाग के अधिसूचना का भी उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होटल को सील कर दिया गया है और होटल संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नेतरहाट की प्राकृतिक सुंदरता को बचाने की दिशा में एसडीएम विपिन कुमार दुबे के द्वारा की गई इस कार्रवाई से जहां आम लोगों में प्रसन्नता है, वहीं अवैध निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने कहा कि नेतरहाट की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ नियम के विरुद्ध छेड़छाड़ करने वाले दोषियों पर प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

### सड़क अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी, कार्रवाई की मांग

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र में मुख्य सड़क पर बढ़ते कथित अतिक्रमण और निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्रांति चौक से अरुण मेडिकल तक जाने वाली सड़क पर पिलर गाड़कर किए जा रहे निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे निर्माण होने से मुख्य मार्ग काफी संकरा हो गया है, जिससे प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बड़े वाहनों का आवागमन लगभग बाधित हो चुका है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों को भी निकलने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य बिना वैध अनुमति के कराया जा रहा है। सड़क भूमि पर लगातार बढ़ते कब्जे से भविष्य में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भी मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया गया था। उस समय कुछ दिनों तक निर्माण कार्य बंद रहा, लेकिन बाद में दोबारा काम शुरू कर दिया गया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।, मुकेश गोस्वामी, मो. दानिश और अनुज कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों मौजूद थे।

# लातेहार में बेटे ने की पिता की कुदाल से मारकर हत्या, आरोपी फरार

- घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत शिंजो पंचायत में एक सनकी बेटे ने कुदाल से मारकर अपने पिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रभात दास के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की। फिलहाल घटना के बाद से आरोपी फरार है।

#### डांट से नाराज होकर पिता की ले ली जान

दरअसल, मनिका थाना क्षेत्र के शिंजो पंचायत निवासी चंदन सिंह को किसी बात को लेकर उनके पिता राजकुमार सिंह ने बुधवार की रात हल्की डांट फटकार लगाई थी। इसी बात से नाराज होकर चंदन सिंह ने घर में रखे कुदाल से अपने पिता के सिर पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद चंदन सिंह घर से भाग गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रभात दास के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है।

#### मानसिक रूप से बीमार रहता था चंदन

मृतक राजकुमार सिंह की पत्नी और हत्यारे चंदन सिंह की मां ने बताया कि चंदन की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। कुछ दिन पहले ही उसे रांची से इलाज कराकर घर लाया गया था। बताया जाता है कि चंदन की मानसिक स्थिति ऐसी थी कि छोटी-छोटी बातों पर भी उग्र हो जाता था। संभावना जताई जा रही है कि अपने पिता के किसी बात से वह नाराज होकर अपने पिता की हत्या कर दी।

#### पिता की हत्या करने के बाद आरोप फरार

इधर, अपने पिता की हत्या करने के बाद चंदन फरार हो गया है। घटना देर रात की थी, जिसके कारण रात में आसपास के लोगों को जानकारी नहीं हुई। इसी का फायदा उठाकर आरोपी फरार होने में सफल रहा। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

### एक सप्ताह से लापता है ढाब कला गांव का युवक

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव निवासी संतन राम का 20 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार उर्फ गोलू पिछले 15 मई से लापता है। करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों के अनुसार रौशन के लापता होने के बाद परिवार ने अपने स्तर से गांव, रिश्तेदारी और संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका। पिता संतन राम ने हरिहरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है तथा पुलिस से जल्द बेटे की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले युवक सम्मानित

**हुसैनाबाद (पलामू)।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की समय पर मदद कर मानवता की मिसाल पेश करने वाले हुसैनाबाद नगर पंचायत के कुर्मी टोला निवासी पवन कुमार पटेल और आलोक कुमार को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया है। बुधवार को पलामू समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने दोनों समेत कुल आठ गुड सेमेरिटीन (नेक व्यक्तियों) को दो-दो हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि सड़क हादसों में घायल लोगों की मदद करना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। समय पर अस्पताल पहुंचाने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने ऐसे लोगों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। पवन कुमार पटेल और आलोक कुमार के सम्मानित होने पर हुसैनाबाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समाजसेवी प्रदीप पटेल (पीपी) ने दोनों युवकों का हौसला बढ़ाते हुए आगे भी ऐसे कार्य करने की अपील की। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव भी मौजूद थे।

# चलती बाइक बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान, कर्पूरी चौक पर मची अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता**




**पांकी (पलामू)।** पांकी थाना क्षेत्र के कर्पूरी चौक के समीप गुरुवार को एक चलती बाइक में अचानक आग लग जाने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बाइक चालक की सूझबूझ और स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। घटना में चालक सुरक्षित बच गया, जबकि बाइक आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार उकसु गांव निवासी राहुल कुमार अपनी बजाज पल्सर बाइक से किसी काम से लौटकर घर जा रहे थे। इसी दौरान कर्पूरी चौक के पास पहुंचते ही बाइक से अचानक धुआं निकलने लगा। पहले चालक कुछ समझ नहीं पाया, लेकिन कुछ ही सेकेंड में इंजन के हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। चलती बाइक में आग लगते ही राहुल कुमार घबरा गए, लेकिन उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बाइक सड़क किनारे रोक दी और उससे कूदकर दूर हट गए। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सड़क से गुजर रहे वाहन रुक गए और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। घटना के बाद काफी देर तक चौक पर लोगों की भीड़ लगी रही। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि बाइक में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी के कारण आग लगी होगी।

**दुकानदारों और स्थानीय लोगों की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

पास के एक दुकानदार ने साहस का परिचय देते हुए बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। लोगों की तत्परता के कारण आग आसपास की दुकानों और अन्य वाहनों तक नहीं फैल सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# कम बारिश की आशंका से धान और भदई फसल उत्पादन पर संकट के बादल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** आगामी मानसून पर सुपर अल नीनो के प्रभाव के कारण औसत से कम बारिश होने की आशंका से किसान चिंतित नजर आने लगे हैं। संभावित कम वर्षा को देखते हुए धान और भदई फसलों की बोवाई को लेकर किसानों में निराशा बढ़ गई है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को केवल धान की खेती पर निर्भर नहीं रहने और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने की भी तैयारी की जा रही है। किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि कम वर्षा की स्थिति में भी खेती प्रभावित न हो। किसानों का कहना है कि परंपरागत रूप से रोहिणी नक्षत्र से खेती की शुरुआत होती रही है, लेकिन अब समय पर बारिश नहीं होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। पिछले वर्ष भी देर से बारिश होने के बाद ही धान रोपनी शुरू हो सकी थी। इस बार सुपर अल नीनो के प्रभाव से और कम बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि भदई फसल, खासकर मक्का की खेती धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। पहले मक्का और दलहनी फसलें ग्रामीणों के भोजन का अहम हिस्सा होती थीं, लेकिन लगातार बदलते मौसम के कारण इनकी खेती प्रभावित हो रही है। किसानों ने सरकार से मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग की मांग की है।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन को कोर्ट में चुनौती

- शपथ पत्र में गलत जानकारी देने का आरोप, न्यायालय ने जारी किया नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत चुनाव के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित अजय कुमार भारती के निर्वाचन को निर्वाचन न्यायालय में चुनौती दी गई है। अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रहीं उषा देवी ने चुनाव परिणाम, पुनर्मतगणना और नामांकन के दौरान दाखिल शपथ पत्र में कथित गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की है। न्यायालय ने मामले को स्वीकार करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अजय भारती ने अपनी चल-अचल संपत्ति, पत्नी के व्यवसाय और लंबित आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी शपथ पत्र में नहीं दी। साथ ही उनकी पत्नी कलावती देवी को गृहिणी बताया गया, जबकि वे जन वितरण प्रणाली की दुकान संचालित करती हैं। मामले को लेकर स्थानीय राजनीति गर्म हो गई है।

## पेज एक के शेष

#### जमशेदपुर में भीषण...

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे उठाकर सड़क किनारे दीवार के सहारे बैठाया और पानी पिलाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मामले की सूचना मानगो थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में मजदूर को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इधर, लगातार बढ़ते तापमान और लू के कारण लोगों को दिन के समय घर से बाहर निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### पूजा सिंघल के...

अगली तारीख पर एम/ए स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में अक्टूबर 2022 में अभिषेक झा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद से मामला आरोप गठन के चरण में लंबित था।

#### प्राचार्य मनोज को...

मामले में 18 जनवरी 2025 को अदालत ने आरोप गठित किया था। बाद में 21 नवंबर 2022 को झारखंड हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी। हालांकि पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 20 जून 2025 को उनकी जमानत रद्द कर दी थी। इसके खिलाफ एमके सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा और एक सप्ताह के भीतर निचली अदालत में सरेंडर करने का निर्देश दिया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

#### पति ने पत्नी...

और महिला व बच्ची की तलाश जारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांव के ही एक निर्माणाधीन मकान में गड्ढा खोदकर दोनों शव को दफना दिया है।

#### झारखंड के विश्वविद्यालय...

उन्होंने सभी कुलपतियों और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से नए कानून का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने शोध, नवाचार, स्टार्टअप, कौशल आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री लिंकज को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान न बनें, बल्कि कौशल विकास और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित हों।

#### 6 जिलों का...

राजधानी रांची में दिनभर चिलचिलाती धूप रही और अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे आमजन को गर्मी से काफी परेशानी हुई। राज्य में तापमान लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को गढ़वा सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पलामू में 43.4 डिग्री, जमशेदपुर में 41.8 डिग्री, बोकारो में 41.2 डिग्री, सरायकेला में 41.1 डिग्री और चाईबासा में 40.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। रामगढ़ का तापमान भी 40 डिग्री तक पहुंच गया। अन्य जिलों में भी पारा 37 से 39 डिग्री के बीच बना हुआ है, जिससे गर्मी का असर साफ महसूस किया जा रहा है।


**कई जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी :** मौसम विभाग ने 23 से 25 मई के बीच गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, रामगढ़, कोडरमा और हजारीबाग में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज आंधी, वज्रपात और बारिश की संभावना है। वहीं रांची सहित आसपास के जिलों में भी बादल छाने और तेज हवा चलने के आसार हैं। विभाग के अनुसार 26 मई तक मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा, जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। **(रांची मौसम केंद्र के अनुसार)**

#### घूस लेते गृह...

शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगने की बात सही पाई गई।इसके बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और गुरुवार को समाहरणालय कार्यालय में छापेमारी कर आरोपी को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए अपने साथ रांची ले जाया गया। एसीबी की इस कार्रवाई को लेकर जिले में चर्चाओं का माहौल है।

### सतबरवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# झारखंड में विकास कार्य ठप जनता परेशान : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का गुरुवार को सतबरवा स्थित कंचन ढाबा पेट्रोल पंप के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। लातेहार से बेतला जाने के क्रम में कुछ देर के लिए रुके बाबूलाल मरांडी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं और आम जनता परेशानियों से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचल और प्रखंड कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है तथा अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। गरीब और जरूरतमंद लोग अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य में कोयला और बालू की खुली लूट हो रही है। गरीबों को घर बनाने के लिए उचित दर पर बालू तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और लोग महंगे दामों पर सामग्री खरीदने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है। स्वागत कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रवेश यादव, संदीप यादव, अशर्फी यादव, फुलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र यादव, उपेंद्र उरांव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### कम बारिश की आशंका से धान और भदई फसल उत्पादन पर संकट के बादल

**मोहम्मदगंज।** आगामी मानसून पर सुपर अल नीनो के प्रभाव के कारण औसत से कम बारिश होने की आशंका से किसान चिंतित नजर आने लगे हैं। संभावित कम वर्षा को देखते हुए धान और भदई फसलों की बोवाई को लेकर किसानों में निराशा बढ़ गई है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को केवल धान की खेती पर निर्भर नहीं रहने और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने की भी तैयारी की जा रही है। किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि कम वर्षा की स्थिति में भी खेती प्रभावित न हो। किसानों का कहना है कि परंपरागत रूप से रोहिणी नक्षत्र से खेती की शुरुआत होती रही है, लेकिन अब समय पर बारिश नहीं होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। पिछले वर्ष भी देर से बारिश होने के बाद ही धान रोपनी शुरू हो सकी थी।

# हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को मिला प्रमाण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** हिंदुस्तान अखबार द्वारा आयोजित हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में शामिल विद्यार्थियों को गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। एसडी मेमोरियल एकेडमी के करीब तीन दर्जन छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए थे। विद्यालय के छात्र फकरे आलम ने 74.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने वर्ग में जिले में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि सूर्यकांत गुप्ता ने 74 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्सा प्रवीण ने अपने वर्ग में छठा तथा ऋषिकांत गुप्ता ने 77 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वर्षा गुप्ता, पुनीत कुमार, हिमांशु कुमार, आराध्या पांडे, ए आनंद कुमार, आरजू मुस्तफा, कुश कुमार, लव कुमार, सुशील कुमार, हर्षिता चौबे, आदर्श कुमार, सबा प्रवीण, अनुराधा कुमारी, रोशन प्रजापति, दीपिका कुमारी एवं अन्य विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से बच्चों को परीक्षा पैटर्न, तैयारी और ओएमआर शीट भरने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद थे।




## मिसाइल हमले के बाद दुबई नहीं रहा टैक्स हेवेन (भाग 2)

# काले धन का तेज बहाव दुबई से अन्य सुरक्षित ठिकानों पर

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** दुबई पर ईरान ने जब लगातार जो मिसाइल दागे , तो एयरपोर्ट से लेकर गगनचुंबी इमारतों तक ही नहीं कालाधन का साम्राज्य हिल गया। केवल कालाधन रखने और काले धन के बल पर लग्जरी लाइफ जी रहे भारतीयों व अन्य तमाम देशों के सुपर रीच काला धन वाले लोग अपने पेंट हाउस, प्लैट, लक्जरी विला, सोने ,हीरे ,जवाहरात की दुकानें आदि बेचकर , बैंकों में रखे काले धन निकाल कर विश्व के अन्य कुख्यात 7 टैक्स हेवेन स्थानों पर ले जाने लगे हैं। इस पूरे सिंडिकेट और ब्लैक मनी के एग्जिट का जो डेटा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों, शेल कंपनियों के ट्रैकिंग नेटवर्क और दुबई रियल एस्टेट की मार्च से मई 2026 की रिपोर्ट्स के अनुसार है, वह बेहद चौंकाने वाला है।

## दुबई का रियल एस्टेट इंडेक्स क्रैश

- ₹1,65,000 करोड़ टैक्स हेवेन देशों में भेजे गए
- लगभग 35,000 करोड़ रु काला धन भारतीयों का
- दुबई के प्रॉपर्टी मार्केट में विदेशी निवेशकों में भारतीयों का हिस्सा है लगभग 22%



एआई जेनरेटेड

### 1. लगभग कितने करोड़ रुपये रकम निकल गई है?

ईरान द्वारा दुबई पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के बाद से दुबई के वित्तीय बाजार और रियल एस्टेट से भारी मात्रा में पूंजी निकाली गई है।

- **कुल अनुमानित निकासी:** रॉयटर्स और ब्लूमबर्ग की हालिया कॉरपोरेट बॉन्ड रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च 2026 से अब तक दुबई से भारतीय मुद्रा में लगभग ₹1,65,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम निकाली जा चुकी है या निकालने की प्रक्रिया में है।
- **भारतीयों का हिस्सा:** दुबई के प्रॉपर्टी मार्केट में विदेशी निवेशकों में भारतीय हमेशा 20% से 22% की हिस्सेदारी के साथ नंबर-1 पर रहे हैं। इस लिहाज से देखें तो कुल निकले पैसे में से लगभग ₹25,000 करोड़ से ₹35,000 करोड़ रुपये सिर्फ भारतीय धनपशुओं (नेताओं, अफसरों, हवाला कारोबारियों) के हैं, जो इन 7 टैक्स हेवेन्स में ट्रांसफर किए जा रहे हैं।
- **मार्केट पर असर:** पैनिक सेलिंग और विदेशी निवेशकों के इस पलायन के कारण दुबई का रियल एस्टेट इंडेक्स (DFM Real Estate Index) कुछ ही दिनों में 20% से 30% तक क्रैश हो गया, जिसने पिछले दो साल की सारी बढ़त को मिट्टी में मिला दिया है।

### 2. कितने भारतीयों व अन्य विदेशियों ने अपनी संपत्ति बेची है/शिफ्ट हो रहे हैं?

चूंकि दुबई का रिकॉर्ड रहा है कि यहाँ साल 2025 में ही करीब 2.7 लाख से ज्यादा रियल एस्टेट सौदे हुए थे, इसलिए बिकवाली का आंकड़ा भी उतना ही बड़ा है।

- **भारतीयों का आंकड़ा:** दुबई रियल एस्टेट ब्रोकर्स और अन्वेषक एजेंसियों के खुफिया इनपुट्स के अनुसार, पिछले ढाई महीनों में लगभग 11,000 high-net-worth भारतीय निवेशकों (जिनमें घूसखोर राजनेता, नौकरशाह, दलाल और उनके परिजन शामिल हैं) ने अपनी संपत्तियां, दुकानें और पेंटहाउस या तो बेच दिए हैं या उन्हें 'शॉर्ट-सेल' (घाटे में तुरंत बेचने) के लिए लिस्ट कर दिया है।
- **अन्य देशों का आंकड़ा:** रूस, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी देशों के अन्य 15,000 से 18,000 विदेशी नागरिकों ने भी सुरक्षा कारणों से दुबई से एग्जिट ले लिया है।
- **पारिवारिक शिफ्टिंग:** दुबई के पॉश स्कूलों और यूनिवर्सिटीज में पढ़ रहे इन ज्यादातर काली कमाई वाले भ्रष्टाचारियों के बच्चे और वहाँ रह रहे उनके परिजन अब बड़ी तेजी से 'गोल्डन पासपोर्ट' और 'इन्वेस्टमेंट सिटिजन्स प्रोग्राम' के तहत तुर्की, साइप्रस, सेंट किट्स और सिंगापुर जैसी जगहों पर वीजा और नागरिकता सेटल करके शिफ्ट होने लगे हैं।

इस तरह जो दुबई साल 2025 तक सालाना 20 लाख करोड़ ($250 Billion) का रियल एस्टेट कारोबार कर रहा था, वहाँ आज खरीदार गायब हैं और केवल बेचने वालों (सेलर्स) की कतार लगी है। और कालाधन तुर्की,सेंट किट्स एंड नेविस, साइप्रस , सिंगापुर, केमैन आइलैंड्स, माल्टा, थाईलैंड, में ले जाकर वहां के बैंकों में जमा कर रहे हैं , वहां रहने के लिए वही सब खरीद रहे हैं जो दुबई में खरीद कर रह रहे थे , कर रहे थे । यह वैश्विक इतिहास का सबसे तेज 'ब्लैक मनी डाइवर्जन' (काले धन का रास्ता बदलना) माना जा रहा है।

# गर्मियों में पीएं सेहतमंद फूलों से बनी हर्बल चाय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चाय की उत्पत्ति पांच हजार साल से भी पुरानी है, लेकिन आज भी यह पेय उतनी ही लोकप्रिय है। सर्दी, बारिश और यहां तक कि भीषण गर्मी में भी इसे पीने वाले कोई कोताही नहीं करते। दुनिया भर में 21 मई को चाय दिवस मनाया जाता है। दूध वाली चाय तनाव दूर करने में कारगर है। हालांकि, गर्मियों में चाय प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन और सेहतमंद विकल्प फूलों से बनी हर्बल टी भी है। कमल, गुड़हल, गुलाब, मौलश्री और पारिजात जैसे फूलों से बनी चाय न सिर्फ गर्मी की थकान और जलन से राहत देती है, बल्कि पूरे दिन ताजगी और एनर्जी भी बनाए रखती है। गर्मियों में गरम चाय पीने से पसीना बढ़ता है और शरीर और गर्म हो जाता है। वहीं, आयुर्वेद फूलों को औषधीय गुणों का खजाना मानता है। इन फूलों से बनी चाय एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होती है, जो इम्युनिटी बढ़ाती है, तनाव कम करती है और शरीर को अंदर से ठंडक प्रदान करती है।

इन फूलों की चाय में कमल, मौलश्री, विष्णुप्रिया, कमल, गुड़हल, गुलाब, पारिजात, कृष्ण कमल, लैवेंडर, तेजपत्ता, तुलसी की चाय भी शामिल है।

## चाय दिवस 21 मई को मनाया गया



- **मौलश्री की चाय:-** बुखार, पुरानी खांसी और त्वचा की समस्याओं में रामबाण है और तनाव दूर करने में भी कारगर है।
- **कमल की चाय:-** गर्मी में बुखार, प्यास और जलन से राहत देती है। मन को शांत रखती है और अच्छी नींद लाती है।
- **गुड़हल की चाय:-** विटामिन-सी से भरपूर होती है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करती है, इम्युनिटी बूस्ट करती है और त्वचा को चमकदार बनातीं।
- **गुलाब की चाय:-** मूड अच्छा रखती है, तनाव कम करती है, पाचन सुधारती है और थकान दूर करती है।
- **पारिजात या हरसिंगार की चाय :-** जोड़ों के दर्द, सूजन और सर्दी-जुकाम से बचाव करती है।
- **कृष्णकमल की चाय:-** चिंता, अनिद्रा और तनाव दूर कर अच्छी नींद लाती है।
- **लैवेंडर की चाय:-** रिलैक्सेशन के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। यह थकान मिटाती है और त्वचा निखारती है।

### यूक्रेन ने रूस की तेल रिफाइनरी पर किए हमले

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन ने ड्रोन हमले कर रूस के अंदरुनी इलाके में तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई और धुएं का गुबार देखा गया। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को यह दावा किया। महत्वपूर्ण तेल उद्योग पर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से हमला करने की यह नवीनतम घटना है। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कथित हमले का एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि ड्रोन ने रूस के अंदर 800 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित सिज़रान तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया।


# डीआरआई की तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई 120 करोड़ की 3 लाख ई-सिगरेट/वेप्स जब्त कीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने देश में सक्रिय ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 करोड़ रुपए की 3 लाख ई-सिगरेट/वेप्स जब्त कीं है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरूद्ध एक बड़ी कार्रवाई में पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई बंदरगाहों, हवाई अड्डों और आईसीडी (सूचना नियंत्रण केंद्र) में चलाए गए अपने अभियानों में व्यापक स्तर पर ई-सिगरेट (वेप) तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इन प्रतिबंधित ई-सिगरेटों को हर बार चीन से मंगाया गया था और इन्हें "फर्नीचर" और "धातु की कुर्सी के पुर्जों" जैसी वस्तुओं में छिपाकर आयात किया गया था।




# ईरानी सांसद की धमकी, 'अगर हमला हुआ तो काट देंगे समुद्र के नीचे मौजूद इंटरनेट केबल'



**एजेंसी । तेहरान**

ईरान और अमेरिका के बीच अस्थायी संघर्षविराम जारी है। लंबे समय से समुद्र के नीचे से गुजरने वाले केबल्स के भविष्य को लेकर दुनिया के कई देश सशंकित है। इसकी एक वजह आईआरजीसी की वो धमकी भी है जो उसने अप्रैल में दी थी। गुरुवार को एक ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने भी ऐसा ही कुछ दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के खिलाफ होर्मुज के खिलाफ कुछ किया गया तो हम समुद्र के नीचे से गुजरने वाली केबल काट देंगे। ईरान ने अभी तक समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन उसने ऐसी कार्रवाई की चेतावनी जरूर दी थी। यह चेतावनी खास तौर पर फारस की खाड़ी और होर्मुज से गुजरने वाली फाइबर-ऑप्टिक केबल्स को लेकर दी गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के बढ़ते दबाव और पाबंदियों के जवाब में एक बयान जारी किया था।

# पीएम ने काशी और रोम के बीच समानता की चर्चा की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

## लगाया एक 'एक पेड़ मां के नाम'



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेश लौट आए हैं। पांच दिवसीय विदेश यात्रा का आखिरी पड़ाव इटली था। यहां कार डिप्लोमेसी से लेकर दोस्ती के हल्के फुल्के 'मेलोडी' रंग भी दिखे। पीएम मोदी ने काशी और रोम के बीच की समानता का भी जिक्र किया। खास पल वो भी रहा जब पीएम मोदी और मेलोनी पौधारोपण किया। पर्यावरण दिवस (5 जून 2024) को शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कई देशों में पौधा लगा चुके हैं। माई जीओवी ने पीएम मोदी के इस अभियान के तहत देश-दुनिया में लगाए गए पौधों की क्लिप साझा की है। इसमें 2025 में वे इथोपिया, मालदीव, यूके, त्रिनिदाद एंड टुबैगो और मॉरीशस में पर्यावरण के प्रति अपना योगदान दे रहे हैं, तो नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस परिसर में मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेल्सुख उखना की मां की याद में पौधा लगाते दिखे। 2024 में पीएम ने गुयाना में इस अभियान के तहत पौधारोपण किया था। हाल ही में अपनी इतालवी समकक्ष मेलोनी के साथ पीएम मोदी ने रोम में इस अभियान को धार दी। उनके साथ मिलकर एक पौधा लगाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने रोम में एक काला शहतूत का पौधा लगाया। भारत में 'कृष्ण तूत' के नाम से पहचाना जाने वाला यह पौधा अपने खान-पान, औषधीय और सांस्कृतिक महत्व के जरिए भारत और इटली को जोड़ता है। यह पौधा लगाना 'एक पेड़ मां के नाम' पहल की दिशा में एक और कदम है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देता है। पौधारोपण के पीछे एक संदेश भी छिपा है। ये स्थिरता, सांस्कृतिक जुड़ाव, और हरित भविष्य का प्रतीक बताई जाती है, वहीं सांस्कृतिक जुड़ाव जिसका पीएम मोदी ने इटली में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिक्र भी किया था। उन्होंने कहा कि रोम और काशी प्राचीन नगर हैं। रोम को विश्व में 'शाश्वत नगर' के रूप में जाना जाता है।

